

महाकुंभ 2025

आज की बात आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

## महाकुम्भ में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

### विदेशी भी लगा रहे संगम में पवित्र डुबकी



**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** प्रयागराज में आज 16 जनवरी से महाकुम्भ में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भक्ति और विरासत का उत्सव शुरू होगा। देश के जाने माने कलाकार तथा पद्मश्री, पद्मभूषण तथा पद्मविभूषण से सम्मानित विभिन्न विधाओं के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए परेड ग्राउण्ड सेक्टर-1 में 10 हजार क्षमता का गंगा पंडाल स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त युमना, सरस्वती पंडाल में भी कल से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होगे।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि त्रिवेणी पंडाल में 21 जनवरी से लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सुरो का संगम होगा। आज 16 जनवरी को फिल्मी दुनिया के जाने माने गायक शंकर महादेवन तथा यमुना पंडाल में काशी के संस्कृति विद्यालय के विद्यार्थी मंगलाचरण पेश करेंगे। उन्होंने बताया कि पहले दिन सरस्वती पंडाल में नौटंकी का रंगारंग प्रस्तुतीकरण होगा। पद्मश्री रामदयाल शर्मा अपने 30 सदस्यीय टीम के साथ कृष्ण सुदामा के मित्रता की कहानी को पेश करेगे।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इन पंडालों के अलावा दो हजार दर्शकों की क्षमता वाला अन्य पंडाल भी बनाये गये हैं। इन पंडालों में उ0प्र0 समेत देश के अन्य ख्याति प्राप्त कलाकार विभिन्न विधाओं में अपनी प्रस्तुती देगे। इसमें ऋत्विक सान्याल वाराणसी, विचित्रानंदा भुवनेश्वर, ओडीशी नृत्य कुशलदास कोलकाता सितारवादन, सान्या पाटनकर राजस्थान शास्त्रीय गायन, सहीराम पाण्डेय गोण्डा आल्हागायन, सरिता मिश्रा लखनऊ लोकगायन, रामप्रसाद प्रयागराज बिरहागायन, पियूषा कैलाश अनुज दिल्ली भजनगायन, आरूषी मुद्गल दिल्ली ओडीशी नृत्य तथा अमरजीत सोनभद्र जनजातीय लोकनृत्य प्रस्तुत करेगे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सैफ अली खान पर चाकू से 6 वार

### रीढ़ व गर्दन के पास गहरी चोट, लीलावती अस्पताल में हुई सर्जरी

**मुंबई ( एजेंसी )।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर चाकू से हमला किया है। सैफ इस समय अस्पताल में भर्ती हैं। उन पर तेजधार हथियार से हमला किया गया है। एक अज्ञात शख्स चोरी के इरादे से रात 2.30 बजे के आसपास मुंबई के बांद्रा स्थित उनके घर में घुसा। हमलावर के साथ हाथापाई के दौरान उन पर तेजधार हथियार से कई वार किए गए। सैफ की गर्दन और रीढ़ के पास गहरी चोट आई है और उनका लीलावती अस्पताल में आपरेशन किया गया है। सूत्रों का कहना है कि उनके शरीर पर चाकू से छह वार किए गए हैं। सैफ की गर्दन और रीढ़ की हड्डी के पास गंभीर चोटें आई हैं।

सैफ की न्यूरो सर्जरी हो गई है। उनके शरीर से दो से तीन इंच लंबा शार्प ऑब्जैक्ट निकाला गया है। यह चाकू का ही हिस्सा बताया जा रहा है। अब सैफ अली खान की कॉस्मैटिक सर्जरी की जा रही है।

इस हमले में सैफ अली खान की हाउस हेल्पर भी घायल हुई हैं। हाउस हेल्पर को मामूली चोटें आई हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)





#### बच्चों के कमरे हुआ हमला

सूत्रों का कहना है कि ये घटना सैफ अली खान के बच्चों तैमूर और जेह के कमरे में हुई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हमलावर अंदर कैसे घुसे। पुलिस पता लगा रही है कि क्या हमलावर बाहर से आए थे या फिर पहले से ही अंदर थे। सैफ के पीआर का कहना है कि नैनी (बच्चों की देखभाल करने वाली हेल्पर) रात के 2.30 बजे के आसपास कुछ आवाज सुनकर उठी। घर पर सैफ अली का पूरा परिवार सो रहा था। सैफ अली खान आवाज सुनकर जागे और उन्होंने हमलावर का सामना किया। सैफ ने हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की। इस हाथपाई में हमलावर ने उन पर कई वार किए और हमलावर भाग खड़े हुए। पुलिस का कहना है कि चौकीदार ने किसी को अंदर आते नहीं देखा और सीसीटीवी से भी कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है।

सैफ की पत्नी करीना कपूर की टीम की ओर से बयान जारी कर बताया गया कि घर में लूट की कोशिश की गई। सैफ घायल हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। बाकी परिवार पूरी तरह सुरक्षित है। हम मीडिया और प्रशंसकों से धैर्य बनाए रखने और किसी भी तरह के कयास लगाने से बचने का अनुरोध करते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शोरूम के मैनेजर ने किया लाखों का गबन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जगत फार्म स्थित कपड़ों के ब्रांडेड शोरूम कोटेल मिलानो में कार्यरत मैनेजर ने लाखों रुपए का गबन कर लिया। शोरूम के संचालक ने आरोपी के खिलाफ थाना बीटा दो में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम मकोड़ा निवासी मिंटू करण भाटी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि जगत फार्म में उनका कोटेल मिलानो के नाम से कपड़ों का फ्रेंचाइजी शोरूम है। इसका संचालन उसके भाई द्वारा किया जाता है। शोरूम पर उन्होंने मेरठ निवासी जितेंद्र सिंह राणा को मैनेजर के पद पर रखा था और सारी जिम्मेदारी उसको दे दे रखी थी। नौकरी पर रखने से पूर्व जितेंद्र को शोरूम में रखे (शेष पृष्ठ-3 पर)

## डाक्टर बनकर की वीडियो कॉल और बना ली अश्लील वीडियो

### महिला ने वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना एक्सप्रेसवे में एक व्यक्ति ने अश्लील वीडियो व फोटो के आधार पर ब्लैकमेल करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने पीड़ित के पास डॉक्टर बनकर फोन किया था और व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो बना ली थी।

सेक्टर-135 में रहने वाले राजपाल (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 19 दिसंबर को उसके फोन पर एक महिला की कॉल आई। महिला ने खुद को डॉक्टर बताया और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सुझाव लेने का ऑफर उसके सामने रखा।



राजपाल के मुताबिक उसे यूरिन में ब्लड आने की शिकायत थी। यह बात उसने फोन करने वाली महिला को बताई। महिला ने जांच के बहाने उसे वीडियो कॉल पर निर्वस्त्र होने को कहा। राजपाल के मुताबिक उसके निर्वस्त्र होने पर महिला ने उसकी वीडियो बना ली। 1 जनवरी को महिला का उसके पास फोन आया और उसने कहा कि उसकी अश्लील वीडियो और फोटो उसके पास है अगर उसने पैसे नहीं दिए तो वह उसे वायरल कर देगी। राजपाल के मुताबिक सामाजिक भय की वजह से उसने महिला के बताए गए अकाउंट में पैसे डाल दिए। इसके बाद उसे बार-बार पैसे देने के लिए कॉल आने लगी। राजपाल का कहना है कि उसने डर की वजह से 180000 रुपए डाल दिए। और पैसे ना देने पर उसे फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी उसे सामाजिक तौर पर बदनाम करने व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए फोन नंबरों की जांच पड़ताल की जा रही है।

## शराब की बोतल पर ज्यादा पैसे लेकर फंसा सेल्समैन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आबकारी विभाग द्वारा गोपनीय तरीके से कराए गए परचेज टेस्ट में शराब ठेके का सेल्समेन फंस गया। आबकारी विभाग द्वारा भेजे गए नकली ग्राहक से सेल्समैन ने 10 रुपए अधिक वसूल लिए। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आबकारी विभाग के सर्कल 4 के निरीक्षक गौरव चंद्र ने बताया कि उन्होंने सेक्टर 58 स्थित मॉडल शॉप पर गोपनीय तरीके से एक ग्राहक को परचेस टेस्ट के लिए भेजा। ग्राहक ने रॉयल स्टैग ब्रांड की शराब खरीदी। उसने यूपीआई के माध्यम से विक्रेता को 190 रुपए अदा किया। सेल्समैन ने बोतल पर अंकित 180 से 10 रुपए (शेष पृष्ठ-3 पर)

## एमबीए के छात्र के साथ दबंग छात्रों ने की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-2 में रहने वाले एमबीए के छात्र के साथ कुछ दबंग छात्रों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मारपीट के बाद से पीड़ित छात्रा सहमा हुआ है। छात्र ने पांच छात्रों के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से खरखोदा जनपद मेरठ निवासी अनमोल त्यागी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह जीएल बजाज कॉलेज से एमबीए कर रहा है। वह ग्रेटर नोएडा में पारस त्यागी के साथ किराए के मकान में रह रहा है। अनमोल त्यागी के मुताबिक 14 जनवरी को पारस के साथ आए चार लड़कों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। यह सभी लड़के शारदा यूनिवर्सिटी में पढ़ते हैं। उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो पारस त्यागी व उसके साथियों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में उसे काफी चोटें आई। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित छात्र के मुताबिक मारपीट की घटना के समय सभी आरोपी शराब के नशे में थे। मारपीट करने वाले छात्रों का कॉलेज में पूरा आतंक है और कोई (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नोएडा से लाखों रुपये के वाहन चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** वाहन चोर आए दिन लाखों रुपए के वाहनों पर हाथ साफ कर रहे हैं। अलग-अलग स्थानों से वाहन चोर 10 वाहनों को चोरी कर ले गए। चोरी गए वाहनों में कार, बाइक व ई रिक्शा शामिल है

थाना बिसरख क्षेत्र से चोरों ने तीन बाइक चोरी कर ली। दिल्ली अशोक नगर निवासी अंकुल मिश्रा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 13 जनवरी को किसी काम से गैलेक्सी ब्लू सैफायर प्लाजा मॉल ग्रेटर नोएडा वेस्ट आया था। उसने अपनी बाइक मॉल के गेट नंबर एक के सामने खड़ी कर दी। कुछ देर बाद जब वह माल से बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी।

भीम नगर गाजियाबाद निवासी सतपाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 14 नवंबर को अपने ई रिक्शा से गाजियाबाद के बागू से सवारी लेकर तिगरी गोल चक्कर के पास स्थित डीएफ फार्म हाउस आया था। सवारी के साथ वह भीतर फार्म हाउस में खाना खाने चला गया। खाना खाकर वह बाहर आया तो उसका ई रिक्शा गायब था। काफी तलाशने पर भी ई-रिक्शा का कोई पता नहीं चला।

ईटेडा गांव में किराए पर रहने वाले धर्मेंद्र ने थाना बिसरख में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## खाली प्लॉट पर कब्जे को लेकर फायरिंग

### पांच पक्षों ने प्लॉट पर ठोंका दावा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के ग्राम मंगरौली में खाली प्लॉट के बंटवारे को लेकर पांच पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग भी की गई। इस संबंध में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि 14 ,15 जनवरी की रात्रि को मंगरौली गांव में एक खाली प्लॉट के बंटवारे को लेकर विवाद होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि अरुण नाम के व्यक्ति ने विवाद के दौरान फायरिंग कर दी थी। जांच करने पर पता चला कि हरेंद्र उर्फ हरि, नकुल, प्रमोद एवं राहुल आदि 600 वर्ग गज के प्लाट पर अपना मलिकाना हक जता रहे थे। प्लॉट की बाउंड्री को लेकर पांचो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान अरुण नाम के व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जनपद में दलित समाज को कोई प्रतिनिधित्व नहीं!

### 10 प्रमुख पदों पर एक भी दलित नहीं, प्रतिनिधित्व देने की मांग

**नोएडा/ ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दलित समाज को जनपद में भारतीय जनता पार्टी के संगठन तथा विभिन्न जनप्रतिनिधित्व पदों पर कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। दलित समाज ने अब प्रतिनिधित्व देने की मांग की है।

पार्टी से जुड़े कई दलित समाज के लोगों ने बताया कि नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा समेत जनपद में विभिन्न पदों पर गैर दलित समाज के लोग ही जमे हैं। मसलन सांसद डा. महेश शर्मा (ब्राहमण), राज्यसभा सदस्य सुरेन्द्र नागर (गुर्जर), नोएडा के विधायक पंकज सिंह (ठाकुर), दादरी के विधायक तेजपाल नागर (गुर्जर), जेवर के विधायक धीरेन्द्र



सिंह (ठाकुर), एमएलसी श्रीचंद शर्मा (ब्राहमण), एमएलसी नरेन्द्र भाटी (गुर्जर), जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी (जाट), दादरी पालिका परिषद अध्यक्ष गीता पंडित (ब्राहमण), भाजपा के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी (गुर्जर), नोएडा भाजपा के अध्यक्ष मनोज गुप्ता (वैश्य), उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष व दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता (वैश्य) बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं।

उनका कहना है कि उक्त पदों में किसी भी पद की जिम्मेदारी दलित समाज को नहीं मिली है। अब सरकार तथा संगठन को दलित समाज के प्रतिनिधित्व देने में गंभीरता से विचार करना चाहिए। दलित समाज के विभिन्न संगठनों का कहना है कि इसको लेकर वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा, गृहमंत्री अमित शाह, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी से मिलकर भी इसकी मांग करेंगे।

## ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी वेदपाल को पत्नी शोक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ट्रांसपोर्टर्स के मसीहा कहे जाने वाले नोएडा ट्रांसपोर्ट संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष चौधरी वेदपाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सरला सिंह का कल निधन हो गया। वे 56 वर्ष की थीं। पिछले कुद समय से कैंसर से पीड़ित थीं



तथा धर्मशिला हॉस्पीटल में उनका उपचार चल रहा था। कल शाम अस्पताल के डाक्टरों के अथक प्रयासों के बाद उनको बचाया नहीं जा सका। वे अपने पीछे दो पुत्र तथा एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। आज दोपहर गाजीपुर श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में समाज, परिवार के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, ट्रांसपोर्टर्स एवं समाजसेवी आदि मौजूद थे। चेतना मंच परिवार इस दु:ख की घड़ी में दु:खी परिवार के साथ खड़ा है।




## इस माह निर्माणाधीन गोल्फकोर्स की बाकी जमीन का हो जाएगा अधिग्रहण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उप्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार सेक्टर-151ए में निर्माणाधीन नोएडा गोल्फक्कोर्स के निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। इसी माह इस परियोजना के लिए अपेक्षित 2.22 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण पूरा होने की उम्मीद है तथा अगले 6 माह में गोल्फक्कोर्स का निर्माण पूरा हो जाएगा।

बता दें कि कामबक्शपुर की करीब 2.22 हेक्टेयर जमीन परियोजना के जरुरी मानी गई। ऐसे में प्राधिकरण ने शासन स्तर पर इस मामले को अवगत कराया। शासन की ओर से जुलाई में एसआईए अधिसूचना जारी की गई। जिसके तहत जिला प्रशासन की ओर से जमीन का अर्जन करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्राधिकरण ओएसडी क्रांति शेखर ने बताया कि ये जमीन जल्द ही नोएडा प्राधिकरण को मिल जाएगी। इसके बाद यहां बचा हुआ निर्माण कार्य होगा।

नोएडा के सेक्टर-151ए इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना जुलाई 2021 में शुरू की गई। इसका 64 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जून 2025 में इसका निर्माण पूरा किया जाना है। जमीन नहीं मिलने की वजह से योजना में करीब 11 करोड़ रुपए का वैरिएशन किया गया। अब इसकी लागत 140 करोड़ हो चुकी है। इसमें 107 करोड़ से सिविल वर्क किया जाएगा। 20 करोड़ से इलेक्ट्रिकल वर्क और 12 करोड़ की लागत से उद्यानिक काम होगा। योजना का कुल एरिया करीब 113.87 एकड़ है।

प्राधिकरण ने बताया कि एक बार जमीन अधिग्रहण (शेष पृष्ठ-3 पर)





## भारत से वैमनस्य

गतवर्ष अगस्त में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के दौरान भारत विरोधी रवैये में कमी नहीं आ रही है। लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले के बाद अब नया विवाद दोनों देशों की सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर पैदा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बन चुकी थी। बड़े हिस्से पर पहले ही बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुकमरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं। बीते रविवार बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। कयास लगाये जा रहे हैं कि बांग्लादेश ये हरकतें किसी तीसरे देश के इशारे पर कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत-बांग्लादेश के बीच 4156 किलोमीटर लंबी सीमा में से 3271 किलोमीटर पर कंटीले तार की बाड़ लग चुकी है और अब 885 किलोमीटर सीमा पर बाड़ लगना शेष है। अवैध घुसपैठियों, अपराधियों और चरमपंथियों की रोकथाम हेतु सीमा पर बाड़ लगाना भारत का अधिकार है। मामले का निस्तारण बांग्लादेश को समझदारी से करना चाहिए। दरअसल, बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। ऐसे वक्त में जब पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए। अब तक पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिश पाक करता रहा है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग न करे। निश्चित रूप से पिछले दिनों बांग्लादेश से रिश्तों में जिस तरह से अविश्वास उपजा है, उसके चलते भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। यहां उल्लेखनीय है कि बाड़बंदी के भारत के फैसले को व्यापकता में देखने की जरूरत है। यह बात भी ध्यान रखने काबिल है कि दोनों देशों में सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर विगत में एक राय बनी हुई है। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश यानी बीजीबी में कई बार बातचीत के बाद इस मुद्दे पर सहमति बन चुकी है। लेकिन बांग्लादेश भारत की सदाशयता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आता है। ऐसा ही रवैया उसका अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी रहा है, जिस बारे में वह अब दलील दे रहा है कि हालिया हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। बल्कि अंतरिम सरकार के प्रमुख भारतीय मीडिया पर घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर बताने का आरोप लगाते हैं। ऐसे वक्त में जब बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार ने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। यह हकीकत है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातक साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने कट्टरपंथियों की लाइन लेकर निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका हो। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि शिवजी के रसीले और सुहावने चरित्र को सुनकर मुनि भरद्वाजजी ने बहुत ही सुख पाया। कथा सुनने की उनकी लालसा बहुत बढ़ गई। नेत्रों में जल भर आया तथा रोमावली खड़ी हो गई॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-प्रथमहिं मैं कहि सिव चरित बूझा मरमु तुम्हार।**
**सुचि सेवक तुम्ह राम के रहित समस्त बिकार॥**

मैंने पहले ही शिवजी का चरित्र कहकर तुम्हारा भेद समझ लिया। तुम श्री रामचन्द्रजी के पवित्र सेवक हो और समस्त दोषों से रहित हो॥

**मैं जाना तुम्हार गुन सीला। कहउँ सुनहु अब रघुपति लीला॥**
**सुनु मुनि आजु समागम तोरें। कहि न जाइ जस सुखु मन मोरें॥**

मैंने तुम्हारा गुण और शील जान लिया। अब मैं श्री रघुनाथजी की लीला कहता हूँ, सुनो। हे मुनि! सुनो, आज तुम्हारे मिलने से मेरे मन में जो आनंद हुआ है, वह कहा नहीं जा सकता॥

**राम चरित अति अमित मुनीसा। कहि न सकहिं सत कोटि अहीसा॥**
**तदपि जथाश्रुत कहउँ बखानी। सुमिरि गिरापति प्रभु धनुपानी॥**


हे मुनीश्वर! रामचरित्र अत्यन्त अपार है। सौ करोड़ शेषजी भी उसे नहीं कह सकते। तथापि जैसा मैंने सुना है, वैसा वाणी के स्वामी (प्रेरक) और हाथ में धनुष लिए हुए प्रभु श्री रामचन्द्रजी का स्मरण करके कहता हूँ॥

(क्रमशः..)

# चुनावी जीत की नई इबारत लिखती महिला मतदाता

चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दल महिलाओं को लुभाने के लिये आकर्षक कल्याणकारी योजनाओं एवं मुफ्त की सुविधाएं देने की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करने लगे हैं। महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई कल्याणकारी योजनाएं एवं मुफ्त की सुविधाएं अब गेमचेंजर बन रही हैं। महिलाओं के खाते में सीधे नगद ट्रांसफर की जाने वाली स्कीम तो भारत की राजनीति में वोट बटोरने का एक जांचा-परखा एवं सशक्त माध्यम बन गया है। यूं तो लम्बे समय से महिलाओं को लेकर तरह-तरह की घोषणाएं होती रही है लेकिन मध्य प्रदेश में इस योजना की कामयाबी के बाद यही कहानी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखण्ड में दोहरायी गयी है। जिससे चुनावों में लगातार महिला मतदाताओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है और किसी की दल की जीत हार में उसकी भूमिका भी स्पष्ट होती जा रही है। इसी विषय को लेकर एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला केंद्रित योजनाओं के कारण इन महिला मतदाताओं की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 में कुल मतदाता 83.4 करोड़ थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गये हैं। इसमें महिला मतदाता की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। एसबीआई रिसर्च टीम की रिपोर्ट के मुताबिक देश में अब 100 पुरुष मतदाताओं पर 95 महिला मतदाता की संख्या है। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। महिलाओं का मतदान के प्रति बढ़ता रूझान लोकतंत्र की मजबूती के लिये एक शुभ संकेत है।

नये अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है जिसका सीधा असर महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला मतदाताओं की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में मतदान में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। अब सरकारें बनाने में महिला मतदाताओं की भूमिका लगातार बढ़ती एवं निर्णायक होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन बार के शासनकाल में विकास पर जोर देने के साथ-साथ महिला उत्थान पर भी बहुत ज्यादा ध्यान दिया। महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहन मिल रहा है, स्वतंत्र पहचान मिल रही है और वे राजनीति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है। मोदी सरकार ने 27 साल से भी ज्यादा इंतजार के बाद पहली बार महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कराया। इस बीच मोदी सरकार ने महिलाओं को लेकर बनाई गई योजनाओं का नाम भी ऐसे रखा, जो सीधे महिलाओं के दिल को छू रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को



***नये अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है जिसका सीधा असर महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला मतदाताओं की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है।***

गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना जैसे विधेयक ने जहां प्रधानमंत्री मोदी के कद को बढ़ाया वही महिलाओं की राजनीति में सक्रियता एवं मतदान में अधिक हिस्सेदारी को नये पंख दिये हैं। इन योजनाओं से 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा स्कूलों छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है।

अब महिलाएं राजनीति एवं राजनेताओं के वजूद को बनाने में महत्वपूर्ण हो गयी है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में सत्तारूढ़ दलों की चुनावों के बाद फिर वापसी में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक रही। मध्यप्रदेश में लाडली बहन, महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन व झारखंड में मंईयां सम्मान योजना इसके उदाहरण हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार, कर्नाटक में गृहलक्ष्मी, ओडिशा में शुभद्रा योजना तथा असम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना सामने आई है। यह होड़ आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी नजर आ रही है। एक ओर जहां आप सरकार ने महिला वोटरों के लिये महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये देने का वायदा किया, वहीं कांग्रेस ढाई हजार रुपये देने की योजना बना रही है। इस दिशा में भाजपा भी गंभीर है। दरअसल, दिल्ली में महिला वोटरों का प्रतिशत पुरुष वोटरों के पास पहुंच गया है। कहा जाता है कि साल 2020 के चुनावों में महिला मतदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन जरूरत इस बात की है कि महिलाओं से जुड़ी योजनाएं एवं उन्हें दी जाने वाली मुफ्त सुविधाएं सत्ता प्राप्ति या वोट हासिल करने का स्वार्थी हथियार न होकर स्थायी प्रभाव व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का जरिया हो।

उल्लेखनीय तथ्य है कि जब किसी राज्य में महिलाओं का विकास हुआ है तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग हुई हैं। उन्हें सरकारों की मुफ्त की स्कीमें भी खूब लुभा रही हैं। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। केन्द्र एवं राज्यों की महिला कल्याणकारी योजनाओं के कारण महिला मतदान बढ़ा है, जिनमें 45 लाख महिलाएं साक्षरता में वृद्धि के कारण मतदाता बनी हैं, 36 लाख महिलाएं रोजगार और मुद्रा योजना की वजह से मतदान किया है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर का मालिक बनने के कारण 20 लाख महिलाएं मतदान के लिए गई थी और वहीं 21 लाख महिलाएं स्वच्छता, बिजली और पानी की पहुंच में सुधार के कारण मतदान के लिये अग्रसर हुई।

चुनाव के दौरान नेताओं एवं राजनीतिक दलों के द्वारा किए गए मुफ्त सुविधाओं के वादों को केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसके आर्थिक पक्ष पर भी विचार किया जाना चाहिए। पंजाब में महिलाओं को एक हजार रुपये देने के आम आदमी पार्टी की घोषणा के बावजूद यह राशि न देना महिलाओं को ठगना है, उनके सम्मान को आघात लगाना है। अगर इन वादो के लिए राज्य के पास अपर्याप्त धन और सीमित संसाधन हैं तो ऐसे वादो से बचना चाहिए। राज्यों द्वारा चुनावी फायेद के लिए की गई मुफ्त सुविधाओं की घोषणा के लिए राजस्व जुटाना मुश्किल हो जाता है। मुफ्त की योजनाओं से राज्य का आर्थिक ढांचा कमजोर हो सकता है क्योंकि दी जाने वाली सब्सिडी का राज्य की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। अगर कोई सत्ताधारी दल, राजनीतिक लाभ के लिये सरकारी पैसे को मुफ्तखोरी पर खर्च करते हैं, तो इससे राज्य का वित्तिय ढांचा बिगड़ सकता है। राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के दौरान सार्वजनिक धन से मुफ्तखोरी और तर्कहीन वादे करना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं। मुफ्तखोरी की घोषणाएं स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की धारणा के खिलाफ है क्योंकि जाहिर तौर पर हर राजनीतिक दल की सार्वजनिक धन तक पहुंच नहीं होगी। मुफ्त के वादे को लेकर राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी सवाल है कि यह प्रथा कैसे नैतिक है क्योंकि यह मतदाताओं को लुभाने के लिए एक तरह से रिश्वत देने के समान है। जानकारों का मानना है कि श्रीलंका के आर्थिक पतन का कारण वहां के राजनीतिक दलो द्वारा दिए गए मुफ्त उपहार रहे हैं। हालांकि गरीबों की मदद के लिए चिकित्सा, शिक्षा, पानी और बिजली जैसी आधारभूत जरुरतों और कुछ कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन के व्यय को जायज ठहराया जा सकता है। इसी तरह महिलाओं के लिये कुछ योजनाएं रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दृष्टि से उपयोगी हो सकती है। लेकिन इन योजनाओं को वोट हथियाने का माध्यम बनाना लोकतंत्र के लिये शुभ नहीं है। केवल सत्ता प्राप्ति के लिए मुफ्त की राजनीति का खेल न खेलकर हमें स्वस्थ लोकतंत्र एवं उज्ज्वल चरित्र को बढ़ावा देना चाहिए। वोट पाने की खातिर लोकतंत्र की आत्मा को नष्ट नहीं किया जाना चाहिए।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## शादी में रूठे फूफाजी (व्यंग्य)

फूफाजी, जिन्हें रिटायर्ड जीजाजी के उपनाम से भी जाना जाता है। इनका नाम लेते ही दिमाग में एक विशेष प्राणी की छवि उभर आती है। आप और मैं, हम सभी इस रिश्ते का जामा या तो पहन चुके हैं या पहनने वाले हैं। अब क्या कहें, इनके कारनामे ही कुछ ऐसे होते हैं जो इन्हें सभी रिश्तों में एक अलग पहचान देते हैं। अब शादी समारोह को ही ले लीजिए, इसमें फूफाजी की एक अलग ही रामायण, एक अलग ही गाथा होती है। उनकी चिरकाल से स्थिर भाव-भंगिमाएँ, जो उनके मुखमंडल पर विराजमान रहती हैं, उनकी चाल-ढाल और उनके मुखारविंद से निकले कुछ सनातनी जुमले ङ्क इन्हीं से आप उन्हें शादी में दूर से ही पहचान सकते हैं। उनकी उम्र की निचली सीमा लगभग 45 वर्ष होती है और ऊपरी सीमा का कोई अंत नहीं। मुँह और नथुने फुलाए हुए, दोनों हाथ पीछे बाँधे, बढ़े पेट और टेढ़े घुटनों से चलती उनकी दिग्गज सी चाल, निठल्ला सा टहलते हुए, लोगों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए, ये आपको शादी में मिल ही जाएंगे।

शादी के घर में आते ही उनका पहला काम होता है यह देखना कि किस-किस ने उनके आने को गौर किया है, कौन-कौन राम-राम कर रहा है, कौन छोटा उनके पैर छू रहा है। फिर भुआ को चुपके से बता देना कि फलाना कुछ ज्यादा मॉडर्न हो गया है, भूल गए हैं परंपराएँ आजकल के लड़के। शादी में घूम-घूम कर जो कोई गलती से इन्हें राम-राम कर दे, उसी को पकड़कर शादी के अपने अनुभव उंडेलने और इस शादी के आयोजन में हुई खामियों की जड़ तक पहुँचने का पूरा रसास्वादन करते हैं। उनका मुख्य संवाद हैङ्क अजी हमसे पूछा ही नहीं। जैसे, गार्डन भी हमसे कहते ना, गुप्ता जी का करवाते। पिछली बार गोयल हैं ना, इन्हीं साले साहब के पड़ोसी, उनकी शादी में करवाया था, क्या व्यवस्था जी, पूछो मत।

ये हर प्रकार के आयोजन में हमेशा पीछे की लाइन में मिलेंगे और एक कान हमेशा अपने नाम की अनाउंसमेंट पर टिका रहेगा कि उन्हें बुलाया जा रहा है या नहीं। इस प्रकार से ये सुनिश्चित करते हैं कि साले साहब के परिवार को फूफा के अस्तित्व की जानकारी है या नहीं। भुआ बार-बार भतीजे को कान में कहती हैं कि फूफा को बुलाना मत भूलना।



**शादी के घर में आते ही उनका पहला काम होता है यह देखना कि किस-किस ने उनके आने को गौर किया है, कौन-कौन राम-राम कर रहा है, कौन छोटा उनके पैर छू रहा है। फिर भुआ को चुपके से बता देना कि फलाना कुछ ज्यादा मॉडर्न हो गया है, भूल गए हैं परंपराएँ आजकल के लड़के।**

अवसर कोई भी हो, चाहे रिसेप्शन में दूल्हा-दुल्हन के साथ फोटो खिंचवाने की बात हो, चढ़ाई के दौरान नृत्य का मौका, बंधनवार बाँधने का समय हो, इनको हर कार्यक्रम में बुलाना आवश्यक होता है। इनकी ना-नुकर को गंभीरता से न लेना आपके धैर्य की परीक्षा हो सकता है।

अगर फूफाजी दूसरे शहर से आ रहे हैं, तो उन्हें बार-बार याद दिलाना पड़ेगा कि शादी आज की ही है। अगर फूफाजी कहें कि बस, निकल लिए हैं, तो उस पर विश्वास न करें क्योंकि चार बार फोन करने के बाद ही वो घर से निकलेंगे। और फिर आपको रास्ते में भी दो बार फोन करना पड़ेगा, वरना जरूरी नहीं कि फूफाजी रास्ते से ही तुनककर वापस लौट लें।

बरात की चढ़ाई के दौरान नाचते हुए लोगों में भी इनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। अगर आप इन्हें गौर से देखें तो पाएंगे कि डीजे की धुन पर इनके पैर धीरे-धीरे थिरक रहे हैं, और ये बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि कोई इन्हें पकड़कर नाच घेरे में ले जाए। एक बार नाचने में आ जाएं तो फिर इन्हें रोकना मुश्किल हो जाता है। नाचते वक्त इन पर इनके साले नोट बरसाएं बिना फूफा का नृत्य अधूरा ही लगता है। और फिर ये वापस आकर रूठने वाली मुद्रा में आ जाते हैं।


अगर आप फूफाजी को ढूंढ रहे हैं और कहीं नहीं मिल रहे तो एक बार रसोई घर जरूर चेक कर लें। शादी-ब्याह में हलवाई के पास ये अवश्य खड़े मिलेंगे, दोनों हाथ पीछे बाँधे, हलवाई की हर हरकत का निरीक्षण करते हुए। बेसन घोल पतला है, गुलाब जामुन की चाशनी थोड़ी कड़क है, जैसी टिप्पणियाँ छोड़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। काजू-बादाम की थैलियों पर इनकी विशेष नजर होती है, और हलवाई की नजर से बचाकर साले जी को थैलियाँ थमाकर अपनी चतुराई की शेखी बघारते हैं। दरअसल, इन्हें हलवाई के पास लगाया ही इसलिए जाता है ताकि बाकी कार्यों में व्यवधान न डालें।

आपको ये कन्यादान के काउंटर पर अपनी टाँगे फैलाए, चश्मा लगाए, डायरी में नाम लिखते हुए मिल जाएंगे, या फिर विदाई में थैलियों में साड़ी, लिफाफा, नारियल जमाते हुए। ये पात्र शादी-ब्याह की रंगीनियों में अपना एक अनोखा रंग भरते हैं, जिनके बिना कोई भी आयोजन अधूरा सा लगता है।


**-डॉ. मुकेश असीमित**

## राशिफल

**माघ कृष्ण पक्ष तृतीया** | **(विक्रम संवत् 2081)**




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भावुकता पर काबू रखें। लिखने पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य नरम गरम, प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
गृह कलह के संकेत हैं। भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान अच्छा है।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
पराक्रमी बने रहेंगे। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य, प्रेम, संतान, व्यापार सब कुछ बहुत अच्छा दिख रहा है।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम संतान मध्यम है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी बहुत शुभ समय नहीं है। निवेश करने से अभी रुके।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
दोपहर के बाद बहुत अच्छी स्थिति हो जाएगी। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। ऊर्जावान महसूस करेंगे।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य फिर भी ठीक है।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। कुछ अच्छे समाचार की प्राप्ति हो सकती है।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
व्यापारिक सफलता मिलेगी। कुछ अधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य, और प्रेम, संतान पर ध्यान दें।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
बच के पार करें। चपेट लग सकता है। वाहन धीरे चलाएं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रु नतमस्तक होंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा है।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शत्रु परास्त होंगे। कार्य विघ्न बाधा के साथ संपन्न हो जाएगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम रहेगा।

# मिल्कीपुर के उपचुनाव में भाजपा की होगी जीत: पंडित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उधम पंडित ने कहा है कि मिल्कीपुर में हो रहे विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत होने जा रही है।

उन्होंने दावा किया है कि भाजपा जातिवाद में विश्वास नहीं रखती उन्होंने कहा कि आज विकास का बोल वाला है और विकास के दम पर भाजपा हर चुनाव जीतने में कामयाबी हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है।

महाकुंभ की देश ही नहीं बल्कि विदेश के लोग भी वहां की व्यवस्था को लेकर सरकार की जमकर प्रशंसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोग प्रयागराज के कुंभ में पहुंचकर अमृत स्नान कर पूण्य कमा रहे हैं और सरकार की व्यवस्था चाक चौबंद है। उसे अन्य लोगों को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस तरह से प्रदेश को विकास की पटरी पर लाने का काम किया है वह स्वागत के योग्य हैं। उन्होंने कहा कि आज माफिया पूरी तरह से उत्तर प्रदेश से पलायन कर चुके हैं उधम पंडित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के अभियान में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सर्व समाज को एक साथ में लेकर चलने में विश्वास रखती है।

# लखनावली गांव में हो रहा हवाला का कारोबार!

नोएडा (चेतना मंच)। सूरजपुर थाना क्षेत्र के गांव लखनावली में हवाला के पैसे का गोरखधंधा चल रहा है। गांव के ही सूत्रों का कहना है कि पहले भी ऐसी सूचना मिलने पर पुलिस ने एक घर से करीब 5 माह पूर्व 19 लाख रूपये बरामद किए थे। इस मामले की जांच आयकर विभाग के सुपुर्द कर दी गई।

सूत्रों की मानें तो गांव में खुलेआम हवाला के जरिए यहां पैसे का कारोबार होता है। इस रकम को विभिन्न स्थानों पर खपाया जाता है। इसके बदले गोरखधंधा करने वालों को मोटा कमीशन मिलता है। कुछ लोग इसे करोड़ों की कमेटी का कारोबार बता रहे हैं। अभी तक आयकर विभाग मामले की सघन जांच करने में जुटा है। लेकिन इसको लेकर क्षेत्र में चर्चा खूब है कि लखनावली गांव में हवाला का खुलेआम कारोबार हो रहा है। हालांकि अभी तक इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# मकान की छत पर लगे टॉवरों से उपकरण चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र में दो स्थानों पर मकानों की छत पर लगे मोबाइल टॉवर से चोरों ने दो आर आर यू चोरी कर लिए। कंपनी के टेक्नीशियन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

एमजी एनकौन प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन विनोद कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी का काम इंडस मोबाइल टावरों की देखरेख का है। बीते दिनों शिकायत मिली कि ग्राम बरौला में सिग्नल नहीं आ रहे हैं। मौके पर जाकर चेक किया गया तो पता चला कि मनोज कुमार के मकान की छत पर लगे टावर से चोरों ने आर आर यू उपकरण चोरी कर लिया है। इसके अलावा चोरों ने सेक्टर 51 ग्राम होशियारपुर में संजय शर्मा के मकान पर लगे टावर से भी आरआरयू चोरी कर लिया। टेक्नीशियन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है। बता दें कि



मोबाइल टावरों से आए दिन आरआरयू व कीमती उपकरण चोरी होने की घटनाएं हो रही हैं। पुलिस पूर्व में मोबाइल टावर से कीमती सामान व उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के कई सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसके बावजूद भी चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पाया है।

## बस वही कहानी है



**डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )**
**ज्ञानपुर ( भदोही )**

मांकी कोख से जन्म लेकर ,
मां के घर में ,
मां के आंगन में किलकारियां मारीं।
मां के हृदय को, आह्लादित किया।
पर हम कब हो पाये मां के।
मां को अपने हाथों से
एक गिलास पानी भी तो नहीं पिला पाये।
उसके साथ नहीं रह पाये, एक पूरा दिन।
भागते रहे जाने कहां-कहां
जाने किसके पीछे।
और जिसके पीछे- पीछे दौड़ते रहे
उसने जाने कितना पीछे छोड़ दिया
मुझे मेरी मां से, मेरे घर से,
मेरे आंगन से मां के प्यार से
गांव गिरावं से, पीपल की छांव से।
जहां होता था सवेरा, कौवे की कांव से,
मुर्गे की बांग से।
अब नहीं लौट सकता कभीं मां के
आंचल की छांव में पुर्खों के गांव में ।
पुराने मकान, दालान मूछों की अकड़
समाज पर उनकी पकड़
दद्दा के हाथ में सोटा
मारकिन का लंगोटा
ताजा कमोरी में मारा गया माठा
अब नहीं मिल सकता कभीं।
कुछ नहीं बचा शेष, सिर्फ क्लेस ही क्लेस।
बस वही कहानी है, यह दुनिया फानी है।

# सोसायटी के गेट पर युवती से छीना मोबाइल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बाइक सवार बदमाश अलग-अलग स्थानों से युवती व युवक से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सेक्टर-119 में रहने वाली मंजू रावत ने थाना सेक्टर-113 में मोबाइल फोन छीने जाने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि 14 जनवरी को बाइक सवार बदमाशों ने सोसायटी के गेट के बाहर से उसका मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए।

ग्राम रसूलपुर नवादा में रहने वाले प्रवीण कुमार ने मोबाइल फोन छीने जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रवीण कुमार ने बताया कि 1 जनवरी को वह पैदल जा रहे थे। इस दौरान बाइक पर आए दो युवकों ने उनके हाथ से आईफोन छीन लिया और फरार हो गए। उसने शोर मचा कर बदमाशों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और झपटमारों की तलाश की जा रही है।

# बाइक की टक्कर से विदेशी महिला की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बीटा-2 क्षेत्र के जेपी ग्रीन नर्मदा सोसायटी के बाहर बाइक की टक्कर लगने से भूटान की रहने वाली महिला की मौत हो गई। मृतका की बहन की शिकायत पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भूटान देश की रहने वाली कुएनजंग्मो ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में ग्रेटर नोएडा स्थित जेपी ग्रीन सोसायटी के मून कोर्ट में रह रही है। कुछ दिन पहले उसकी बहन दावादेमा उसके पास रहने के लिए आई थी। 14 जनवरी की शाम को वह कुछ सामान लेने के लिए सोसायटी से बाहर गई थी। सोसाइटी के गेट के पास तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी बहन की मौके पर मौत हो गई हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कांग्रेस ने जारी की प्रत्याशियों की चौथी सूची

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी चौथी सूची जारी की है। इसमें पांच उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। बवाना, रोहिणी, करोल बाग, तुगलकाबाद और बदरपुर से क्रमशः सुरेंदर कुमार, सुमेश गुप्ता, राहुल धनक, विरेंदर बिधुड़ी और अर्जुन भड़ाना को उम्मीदवार बनाया गया है।

इससे पहले कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कल 16 उम्मीदवारों की एक सूची जारी की थी। उसमें मंगलवार को ही आप छोड़कर पार्टी में शामिल हुए मुंडका विधायक धर्मपाल लाकड़ा व पार्षद राजेश गुप्ता का नाम भी शामिल था। आप ने लाकड़ा को टिकट नहीं दिया था। कांग्रेस अब तक 68 प्रत्याशियों की सूची जारी कर चुकी है। मंगलवार को जारी सूची में पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ को पटेल नगर से, पूर्व विधायक कुंवर करण सिंह को मॉडल टाउन से, भीष्म शर्मा को घोंडा से और पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद खान की पार्षद बेटी अरीबा खान को ओखला से उतारा गया है।?अरीबा बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की भतीजी हैं।

धर्मपाल लकड़ा को मुंडका से जबकि मुबारिकपुर डबास वार्ड से पार्षद राजेश गुप्ता को किराड़ी से टिकट दिया गया है। कांग्रेस ने गोकलपुर से उम्मीदवार बदला है। यहां प्रमोद जयंत के स्थान पर पूर्व पार्षद ईश्वर बांगड़ी को उम्मीदवार बनाया है।

# भाजपा नेता को पुलिस ने थाने में बंद करके पीटा

## आधी रात दो विधायक, महापौर, एमएलसी धरने पर बैठे

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष मनोज पासी ने झूंसी थानेदार और अन्य पुलिसकर्मियों पर उनकी थाने में बंदकर पिटाई करने का आरोप लगाया। मामला तूल पकड़ा तो भाजपाई आक्रोशित हो उठे। रात में महापौर, दो विधायक, एमएलसी और जिलाध्यक्ष समेत भारी पार्टी कार्यकर्ताओं ने झूंसी थाने का घेराव किया। डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि घटना के बाद तथ्यों के आधार पर चमनगंज चौकी इंचार्ज संतोष कुमार सिंह, दरोगा शिवराम यादव, जग नारायण और मुख्य आरक्षी पारस यादव को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इनके खिलाफ विभागीय जांच बिठा दी गई है। इसके अलावा झूसी थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ भी जांच के आदेश दिए गए हैं।

सूचना पर एसीपी विमल किशोर मिश्र मौके पर पहुंचे तो सभी ने उनसे वार्ता से इन्कार कर दिया। तब डीसीपी नगर अभिषेक भारती झूंसी थाने पहुंचे। देर रात तक पुलिस अफसरों और भाजपाइयों में वार्ता चलती रही। कोई नतीजा नहीं निकल सका था। भाजपाई झूंसी थानेदार के निलंबन की मांग कर रहे थे।

यमुनापार के पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने



बताया कि बुधवार को प्रदेश सह कोषाध्यक्ष मनोज पासी के भाई की दीवार बनाने से रोकने झूंसी थाने की पुलिस गई थी। इस पर मनोज पासी व उनके भाई को गाली दी गई। कुछ देर बाद मनोज पासी झूंसी थाने में गालीगलौज को लेकर पूछने थानेदार उपेंद्र प्रताप सिंह के पास पहुंचे तो उन्होंने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर उनकी लात-घूसों से पिटाई कर दी।

पुलिस की पिटाई से वह बेहोश हो गए। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बाद में मनोज पासी ने एक वीडियो के जरिये आपबीती बताई। वीडियो में बताया गया कि उनके सिर के बाल नोचकर पिटाई की गई। वीडियो वायरल होने के साथ ही जानकारी भाजपाइयों को हुई तो खलबली मच गई।

रात आठ बजे महापौर गणेश केसरवानी, फूलपुर विधायक दीपक पटेल, उत्तरी विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, गंगापार अध्यक्ष कविता पटेलए पूर्व एमएलसी निर्मला पासवान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता झूंसी थाने पहुंच गए। एसीपी विमल किशोर मिश्र थाने पहुंचे तो महापौर और विधायकों ने उनसे बात करने से ही मना कर दिया। तब डीसीपी नगर अभिषेक भारती झूंसी थाने पहुंचे। भाजपाई झूंसी थानेदार उपेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग कर रहे थे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**महाकुम्भ में उमड़...**

जयवीर सिंह ने बताया कि सरस्वती पंडाल में सौरभ बनौधा सोनभद्र, बंसी वाद्यवृंद, श्वेता दुबे वाराणसी भजनगायन, श्रुति मालवीय लखनऊ भजनलोकगायन, पद्मश्री रामदयाल शर्मा दिल्ली शिवसुदामा नौटंकी पेश करेंगे। इस प्रकार 24 मंचों पर 05 हजार से अधिक कलाकार लोकसंगीत, शास्त्रीय नृत्य, काव्यपाठ कार्यक्रमों से लोकजीवन की अनुभूति प्रदान करेंगे। महाकुम्भ आस्था, संस्कृति तथा अध्यात्म का समागम ही नहीं बल्कि विश्व के हर कोने से आने वाले श्रद्धालुओं का भी संगम है। संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए विश्व के तमाम रास्ते संगम की ओर चले आ रहे हैं। मा0 प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन तथा मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल निर्देशन में विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम लगातार आस्था की उचाईयों की ओर बढ़ रहा है। अब तक 05 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके है।

महाकुंभ 2025 के अंतर्गत 10 देशों के 21 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय दल ने बुधवार को महाकुंभ क्षेत्र में स्थापित विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण किया। इस दौरान दल के सदस्यों ने साधु-संतों से मुलाकात की और महाकुंभ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को समझा। साधु-संतों ने दल को महाकुंभ की प्राचीन परंपराओं, अखाड़ों की भूमिका और भारतीय संस्कृति की महिमा से अवगत कराया। अखाड़ों में पारंपरिक रीति-रिवाज और साधु-संतों के जीवन दर्शन को देखकर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि प्रभावित हुए।

**एमबीए के छात्र...**

सूत्रों का कहना है कि घर में एक Duct थी, जो बेडरूम के भीतर खुलती थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि ऐसी संभावना है कि इसी Duct से चोर घर में घुसे थे। मुंबई पुलिस ने जांच के लिए सात टीमें बनाई हैं और घर से फिंगर प्रिंट लिए हैं। पुलिस ने घर में काम कर रहे मजदूर से भी पूछताछ की है। सैफ के घर में 2-3 दिन से फ्लोर पॉलिसिंग का काम चल रहा था।

लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉ. नीरज उत्तमानी ने कहा कि एक अज्ञात शख्स ने बांद्रा स्थित सैफ अली खान के घर पर आधीरात को उन पर हमला किया। सैफ पर छह बार चाकू से वार किए गए हैं जिनमें से दो वार बहुत गहरे हैं। इनमें से एक वार सैफ की रीढ़ की हड्डी के पास किया गया है। न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे, कॉस्मैटिक सर्जन डॉ. लीना जैन की अगुवाई में डॉक्टरों की एक टीम उनका ऑपरेशन कर रही है।

**शराब की बोतल...**

स्टॉक की तमाम जानकारी दे दी गई थी। मिंटू करण भाटी का आरोप है कि जितेंद्र सिंह शोरूम पर हुई सेल के पैसों को समय पर कंपनी के अकाउंट में जमा नहीं करता था। उसने सेल के 65 हजार रुपए कंपनी के खाते में जमा नहीं कराये। यह बात पता लगने पर उन्होंने जब जितेंद्र से बात की तो उसने जल्द ही कंपनी के अकाउंट में पैसे जमा करने का आश्वासन दिया। इस पर उन्होंने जितेंद्र सिंह से कहा कि जल्द ही शोरूम का ऑडिट कराया जाएगा और कंपनी की तरफ से ऑडिट के लिए किसी एरिया के सीनियर मैनेजर को शोरूम पर भेजा जाएगा। इस बात की जानकारी मिलने पर जितेंद्र सिंह 16 नवंबर 2024 को शोरूम छोड़कर चला गया और अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया। मिंटू करण भाटी के मुताबिक कई बार जितेंद्र सिंह को वापस बुलाया गया लेकिन वह नहीं आया। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा कराए गए ऑडिट के दौरान पता चला कि शोरूम के स्टॉक में से 227047 के सिले हुए कपड़ों के 72 पीस कम है। इसके अलावा उसने सेल्स के 65 हजार रुपए भी गबन कर लिए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

**एमबीए के छात्र के...**

भी इनके खिलाफ बोलने को तैयार नहीं होता है। अनमोल त्यागी ने बताया कि आरोपी छात्र अन्य छात्रों पर रोब दिखाने के लिए अपने साथ अवैध हथियार रखते हैं और आए दिन कॉलेज कैंपस में गाली गलौज व छेड़छाड़ की घटनाओं को अंजाम देते हैं। पीड़ित ने अपनी जान का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

**शराब की बोतल पर...**

अधिक लिए थे। इसके बाद विभाग की टीम ने सेल्समैन विशाल चौधरी को हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 58 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बता दें कि आबकारी विभाग द्वारा इन दिनों जनपद में स्थित शराब की दुकानों पर गोपनीय तरीके से परचेस टेस्ट कराया जा रहा है। आबकारी विभाग के परचेज टेस्ट में अब तक कई सेल्समैन फस चुके हैं और उनके खिलाफ विभिन्न थानों में मुकदमा दर्ज हुआ है।

**इस माह निर्माणाधीन...**

की प्रक्रिया पूरी हो जाए। इसके बाद छह महीने में यहां काम पूरा कर दिया जाएगा। सिविल का काम लगभग पूरा किया जा चुका है। बता दे गोल्फ कोर्स के लिए अब तक 1000 लोगों ने सदस्यता ली है। सदस्यता शुल्क से ही इसका निर्माण किया जा रहा है। एक बार काम पूरा होने पर दोबारा से सदस्या को शुरू किया जाएगा।

**खाली प्लॉट पर...**

बताया जाता है कि आरोपी अरुण के साथ कई अन्य लोग भी मारपीट की घटना में शामिल थे। इस संबंध में उप निरीक्षक अंजुल कुमार ने अरुण भाई व अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बताया जाता है कि प्लॉट को लेकर कई पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते यह घटना घटित हुई।

**नोएडा से लाखों...**

उसने बताया कि 4 जनवरी को घर के बाहर से उसकी बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। काफी तलाशने पर भी बाइक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली । थाना फेस 2 क्षेत्र के भंगेल के पास से नो पार्किंग में खड़ी प्रशांत द्विवेदी की पल्सर बाइक चोरी हो गई।

थाना सेक्टर 39 में सेक्टर 27 निवासी आनंद प्रकाश गुप्ता ने अपनी वेगनर कार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने सेक्टर 46 के रामलीला मैदान के बाहर अपनी कार खड़ी की थी जहां से वह चोरी हो गई।

थाना सेक्टर 49 में बरोला निवासी ऋषभ मिश्रा ने अपनी अपाचे बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक चोर घर के बाहर से उसकी बाइक को चोरी कर ले गए।

थाना सेक्टर 58 में मुकुल ने अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक उसने अपनी बाइक सेक्टर 62 में खड़ी की थी जहां से वह चोरी हो गई।

इसी थाना क्षेत्र के सेक्टर 56 स्थित मुर्गा मंडी के बाहर से शिवम कुमार की अपाचे बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। शिवम अपनी बाइक खड़ी कर मार्केट में कपड़े खरीदने गया था।

गौर सिटी बलजीत इंक्लेव निवासी देवाशीष कुमार ने थाना सेक्टर 58 में अपनी बुलेट बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक उसने अपनी बाइक सेक्टर 59 स्थित लाजिक्स इन्फोटेक पार्क के बाहर खड़ी की थी जहां से वह चोरी हो गई।

थाना बीटा दो क्षेत्र के सेक्टर गामा वन में रहने वाले राजकुमार ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी बाइक अमृत प्लाजा जगत फार्म में अपनी दुकान के बाहर खड़ी की थी। चोरों ने मौका पाकर उसकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया।

पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि चोर आए दिन लाखों रुपए के वाहनों पर हाथ साफ कर रहे हैं। विभिन्न थाना क्षेत्र में आए दिन वाहन चोरी की घटनाएं हो रही हैं।




## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रजनी बिष्ट पत्नी श्री बिजेंद्र सिंह निवासी- एन-36, सेक्टर -12 नोएडा , जिला गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश)-201301 मैंने अपना नाम रजनी बिष्ट से बदलकर रजनी देव कर लिया है। भविष्य में मुझे किसी भी काम के लिए अब रजनी देव के नाम से जाना जाए।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

खास खबर

## सैमसंग ने भारत में अगली गैलेक्सी एस सीरीज़ के लिए प्री-बुकिंग शुरू की

गुरुग्राम, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपनी नई गैलेक्सी एस सीरीज स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। यह नई सीरीज एआई टेक्नोलॉजी में एक नया अध्याय जोड़ेगी। इसमें प्रीमियम इनोवेशन्स शामिल हैं, जो आपके हर




दिन को और भी आसान और स्मार्ट बना देंगे। ग्राहक सिर्फ 2000 रुपये का टोकन भुगतान करके सैमसडाट काम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स और प्रमुख ऑनलाइन और ऑफलाइन रिटेल स्टोर्स पर अपनी गैलेक्सी एस सीरीज बुक कर सकते हैं। प्री-बुकिंग करने वाले ग्राहकों को 5000 रुपये तक के फायदे और नए गैलेक्सी डिवाइस को सबसे पहले इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा। सैमसंग 22 जनवरी को सैन जोस, कैलिफोर्निया में गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में इस नई सीरीज को लॉन्च करेगा। यह इवेंट मोबाइल एआई अनुभवों में नया मानक स्थापित करेगा और आपके जुड़ने के तरीके को पूरी तरह बदल देगा।

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एसरी इंडिया ने कुंभ वेबऐप पेश किया

नई दिल्ली, एजेंसी। महाकुंभ मेले में स्थान खोजने में श्रद्धालुओं की मदद और उन्हें समृद्धशाली अनुभव प्रदान करने के लिए एसरी इंडिया ने kumbhlocator.esri.in नाम से एक वेबऐप लांच किया है। यह वेबऐप हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। जीआईएस आधारित यह वेबऐप मेला में ठहरने, स्नान घाटों, पार्किंग, सड़कों (लाइव ट्रैफिक के साथ), मौसम अपडेट, प्रवेश और निकासी बिंदुओं, खोया पाया केंद्रों, ई रिक्शा स्टैंड, पुलिस थानों, अग्निशमन केंद्रों, अस्पतालों आदि के बारे में सूचना उपलब्ध कराता है। महाकुंभ मेला उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। नदी के किनारे 4,000 हेक्टेयर विशाल क्षेत्र में फैले इस मेले में दुनियाभर से 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने का अनुमान है। महाकुंभ मेले के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के दिन गंगा और संगम में डुबकी लगाने के लिए 1.65 करोड़ से अधिक लोग इस मेले में आए। यूज़र्स इस ऐप के जरिए आयोजनों, कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों के स्थान को चिह्नित कर सकते हैं। यह महत्वपूर्ण मंदिरों और प्रयागराज के अन्य पर्यटक स्थलों को दिखाने के लिए आर्कजीआईएस स्टोरी मैप्स भी प्रदर्शित करता है। एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्र कुमार ने कहा, कुंभ मेला में लाखों श्रद्धालुओं का अनुभव बढ़ाने के इरादे से हमने एक वेबऐप लांच किया है। इस वेबऐप के जरिए हमारा लक्ष्य एक ही जगह सभी उपयोगी सूचना को उपलब्ध कराना है। यह हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है और इसके लिए किसी तरह के लॉगइन या डाउनलोड की जरूरत नहीं है। इसका उद्देश्य मेला के रास्तों का पता लगाने, महत्वपूर्ण स्थलों तक पहुंचने और सुविधाओं के बारे में अपडेट रहने को लेकर श्रद्धालुओं को सशक्त करना है जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और उनकी पूरी यात्रा सुखद रहे। जीआईएस टेक्नोलॉजी बेहतर नैविगेशन, सुरक्षा और संगठन के लिए टूल्स की पेशकश कर एक तीर्थस्थल पर श्रद्धालुओं का अनुभव काफी हद तक बढ़ा सकती है।

4 साल बाद बैन हटते ही रॉकेट हुआ साइकिल कंपनी का शेयर

# 20 दिन में दोगुनी हो गई कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 20 दिन में पैसा डबल। सही पढ़ा आपने। साइकिल बनाने वाली कंपनी के शेयर ने मात्र 20 दिन में रकम दोगुनी कर दी है। इस कंपनी पर साल 2020 में ट्रेडिंग से बैन लगा था। पिछले महीने ही यह बैन हटा है। बैन हटते ही यह शेयर रॉकेट बन गया है। इसमें लगातार अपर सर्किट लग रहा है। यह कंपनी एटलस साइकिल (हरियाणा) लिमिटेड है। आज बुधवार को भी इसमें 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा। अपर सर्किट के बाद यह शेयर सुबह 11 बजे 136.76 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कल मंगलवार को यह शेयर 130.25 रुपये पर बंद हुआ था।

**साल 2020 में लगा था बैन-** इस कंपनी के शेयर पर दिसंबर 2020 में बैन लगा था। एटलस ने अपनी वित्त वर्ष 2024 की वार्षिक रिपोर्ट दाखिल की थी। इस रिपोर्ट में कंपनी ने कहा था कि फाइनेंशियल रिजल्ट दाखिल न करने या दाखिल करने में देरी के कारण बीएसई और एनएसई ने 16 दिसंबर 2020 को शेयरों का कारोबार बैन कर दिया था।

बीएसई और एनएसई ने पिछले साल 27 दिसंबर को एटलस के शेयरों के कारोबार पर लगा बैन हटा दिया था। यानी बैन हटने में चार साल लग गए। इसके बाद कंपनी के शेयरों में फिर से ट्रेडिंग शुरू हो गई।

### 20 दिन में पैसा डबल

बैन हटते ही कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। 27 दिसंबर को यह शेयर 62.99 रुपये पर खुला था और पहले ही दिन 5 फीसदी का अपर सर्किट लग गया। इसके साथ इसकी कीमत 66.13




रुपये हो गई थी। तब से लेकर अब तक इसमें लगातार तेजी आती जा रही है। अभी इस शेयर की कीमत 136.80 रुपये है। ऐसे में देखें तो 27 दिसंबर 2024 से लेकर अब तक 20 दिनों में इसमें 117 फीसदी की तेजी आ गई है। यानी इन 20 दिनों में शेयर की कीमत दोगुनी से ज्यादा हो गई है।

## पावना इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एसआईपीसीओटी इंडस्ट्रियल पार्क में दो प्लॉट्स के लिए 99 साल का लीज़ समझौता किया

**मुंबई, एजेंसी।** पावना इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो प्रतिष्ठित ओईएम के लिए विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले ऑटोमोटिव पार्ट्स के निर्माण के कारोबार में संलग्न एक प्रमुख खिलाड़ी है, ने तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले (बी जिला) में स्थित एसआईपीसीओटी इंडस्ट्रियल पार्क, शूलागिरी (फ्यूचर मोबिलिटी पार्क) में दो प्लॉट्स को 99 साल के लीज़ पर लेने की घोषणा की है। इनकी कुल क्षेत्रफल 4.33 एकड़ है और इसका मूल्य 7.36 करोड़ रुपये है। इससे पहले, बोर्ड ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अपनी अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी थी।

## सिर्फ 10,000 रुपये उधार लेकर शुरू किया काम, खड़ा कर दिया 1,150 करोड़ का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमल खुशलानी ने सिर्फ 10,000 रुपये उधार लेकर 1,150 करोड़ रुपये का कारोबारी साम्राज्य खड़ा किया है। उनका ब्रांड मुफ्ती आज भारतीय फैशन जगत का जाना-माना नाम है। उनकी कहानी मेहनत, नए आइडिया और सपनों की ताकत को दिखाती है। 1998 में शुरू हुई उनकी यात्रा बाइक पर कपड़े बेचने से लेकर करोड़ों के कारोबार तक की है। आइए, यहां कमल खुशलानी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**पिता के निधन के बाद टूटा मुसीबतों का पहाड़-** कमल खुशलानी का जन्म सामान्य परिवार में हुआ था। 19 साल की उम्र में उनके पिता का निधन हो गया। इससे परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार की आर्थिक मदद के लिए कमल ने एक कैसेट कंपनी में नौकरी शुरू की। कठिनाइयों के बावजूद कमल को फैशन का शौक था। दोस्त और जानने वाले अक्सर उनसे कपड़ों और स्टाइल के बारे में सलाह लेते थे। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने अपना बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचा।



**10 हजार उधार लेकर शुरू किया काम-** 1992 में अपनी आंटी से 10,000 रुपये उधार लेकर कमल ने अपना पहला बिजनेस शुरू किया। यह एक शर्ट बनाने की कंपनी थी। इसका नाम स्ह्न × स्ह्न था। अपने घर से ही, जो उनका ऑफिस और गोदाम दोनों था, कमल डिजाइनिंग से लेकर प्रोडक्शन और सेल्स तक सब कुछ खुद संभालते थे। हालांकि, इस शुरुआती काम ने उन्हें एक आधार दिया। लेकिन, कमल कुछ बड़ा करना चाहते थे। 1998 में उन्होंने मुफ्ती ब्रांड लॉन्च किया। इसने आगे चलकर भारतीय पुरुषों के फैशन को बदल दिया। शुरुआती दिन आसान नहीं थे। बिना किसी ऑफिस या स्टाफ के कमल अपनी बाइक पर सूटकेस में कपड़े भरकर दुकानदारों को बेचते थे। मुफ्ती के लिए असली बदलाव 2000 के दशक की शुरुआत में आया। तब ब्रांड ने पुरुषों के लिए स्ट्रेच जींस पेश की। भारतीय बाजार में यह एक नया आइडिया था। इस इनोवेशन को ग्राहकों ने खूब पसंद किया और मुफ्ती छा गया। जल्द ही ब्रांड का विस्तार हुआ। कमल खुशलानी ने मुफ्ती के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट खोले। आज मुफ्ती के पूरे देश में 379 एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर, 89 बड़े फॉर्मेट स्टोर और 1,305 मल्टी-ब्रांड आउटलेट हैं। शून्य से शिखर तक के इस सफर में कमल को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसमें सामाजिक संदेह भी शामिल था। हालांकि, वह अपने विजन पर डटे रहे। किसी भी संदेह या बाधा से नहीं डिगे।

### अनगिनत उद्यमियों के लिए प्रेरणा

कमल खुशलानी की कहानी उन सभी लोगों के लिए प्रेरणादायक है जो अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं। यह कहानी बताती है कि मुश्किलें कितनी भी बड़ी क्यों न हों, अगर इरादे मजबूत हों तो सफलता जरूर मिलती है। कमल ने सिर्फ एक ब्रांड ही नहीं बनाया, बल्कि एक ऐसी मिसाल कायम की जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उनकी कहानी यह भी दर्शाती है कि बिजनेस में सिर्फ पैसा ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों का भी बहुत महत्व होता है। मुफ्ती उनके दृढ़ संकल्प और फैशन के जुनून का प्रतीक है, जो अनगिनत उभरते उद्यमियों को हर मुश्किल के बावजूद अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करता है।

# 9000 रुपये के पार जा सकता है केनेस टेक्नोलॉजी का शेयर

### 587 रुपये से 6700 पहुंचा है शेयर का दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केनेस टेक्नोलॉजी के शेयरों में रॉकेट सी तेजी आई है। केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर बुधवार को बीएसई में 8 पर्सेंट से ज्यादा के उछाल के साथ 6750 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर पिछले एक साल में 140 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि केनेस टेक्नोलॉजी के शेयरों में और तेजी देखने को मिल सकती है। केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर करीब 26 महीने में 587 रुपये से बढ़कर 6700 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 7824.95 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 2425 रुपये है।

**कंपनी के शेयरों को मिला है 9100 रुपये का टारगेट-** घरेलू ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर खरीदने की सलाह दी है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने केनेस टेक्नोलॉजी के शेयरों के लिए 9100 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। केनेस टेक्नोलॉजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर में ऑपरेट करती है। कंपनी का मार्केट कैप 41,500 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

### 587 रुपये से 6700 रुपये के पार पहुंचे कंपनी के शेयर

केनेस टेक्नोलॉजी का आईपीओ 10 नवंबर 2022 को खुला था और यह 14 नवंबर 2022 तक ओपन रहा। आईपीओ में केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर का दाम 587 रुपये था। कंपनी के शेयर 22 नवंबर 2022 को बीएसई में 775 रुपये पर लिस्ट हुए थे। कंपनी के शेयर 15 जनवरी 2025 को 6750 रुपये पर पहुंच गए हैं। यानी, पिछले करीब 26 महीने में केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर 587 रुपये से बढ़कर 6750 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों में 140 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 15 जनवरी 2024 को 2762.95 रुपये पर थे। केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर 15 जनवरी 2025 को 6750 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

**6 महीने में कंपनी के शेयरों में 65त्न से ज्यादा की तेजी-** केनेस टेक्नोलॉजी के शेयरों में पिछले 6 महीने में 65 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 15 जुलाई 2024 को 4050.65 रुपये पर थे। केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर 15 जनवरी 2025 को 6750 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

# वी ने लॉन्च किया भारत का पहला ट्रूली अनलिमिटेड डेटा प्लान, 'नॉनस्टॉप हीरो'




### हाइपरकनेक्टेड भारत को टेलीकॉम के सुगम, चिंतामुक्त अनुभव के साथ बनाएगा सशक्त

**मुंबई,** एजेंसी।आज की हाइपरकनेक्टेड दुनिया में बिना रूकावट के डेटा का एक्सेस बेहद ज़रूरी हो गया है। काम से लेकर पढ़ाई, स्वास्थ्य, मनोरंजन, जीवनशैली तक मोबाइल डेटा आज हर काम के लिए ज़रूरी है, ऐसे में चिंतामुक्त और भरोसेमंद डेटा की मांग पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई है। इसी ज़रूरत को पूरा करने के लिए भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज देश के पहले ट्रूली अनलिमिटेड डेटा प्लान नॉन-स्टॉप हीरो के लॉन्च की घोषणा की है।

प्रीपेड उपभोक्ताओं की डेटा कोटा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया नॉनस्टॉप हीरो प्लान वैलिडिटी की पूरी अवधि के दौरान चिंतामुक्त डेटा का अनुभव प्रदान करेगा। भारत डेटा में बदलाव के दौर से गुज़र रहा है। हाल ही में सेंटर फॉर डिजिटल इकोनोमी एण्ड पॉलिसी रीसर्च द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले दशक के दौरान डेटा की खपत 288 गुना बढ़ गई है। टीआरएआई की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक देश में किफ़ायती स्मार्टफोन्स की बढ़ती पहुंच के साथ इंटरनेट सब्सक्राइबरों की संख्या मार्च 2023 में 88.1 करोड़ से बढ़कर मार्च 2024 में 95.4 करोड़ तक पहुंच गई और प्रति यूज़र मासिक डेटा का औसत उपयोग मार्च 2024 में बढ़कर 20.27 जीबी तक पहुंच गया।

वी का नॉनस्टॉप हीरो प्लान विभिन्न प्रकार के रीचार्ज पैक के साथ सही मायनों में अनलिमिटेड डेटा, अनलिमिटेड वॉइस कॉल्स, 100 एसएमएस/दिन और ओटीटीटी फायदों के साथ हाई-स्पीड कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग को पूरा करेगा।

हाल ही में ओपनसिगनल द्वारा जारी 4जी नेटवर्क एक्सपीरिएंस रिपोर्ट नवम्बर 2024 में वी को भारत के सर्वश्रेष्ठ 4जी नेटवर्क प्रदाता के रूप में मान्यता दी गई है, रिपोर्ट के मुताबिक वी डेटा स्पीड, वॉइस, गेमिंग और वीडियो स्ट्रीमिंग में उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान कर रहा है। यह नई पेशकश उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने, उन्हें बिना किसी सीमा के डिजिटल रेवोल्यूशन के साथ सशक्त बनाने की वी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अपने उपभोक्ता उन्मुख दृष्टिकोण पर बात करते हुए अवनीश खोसला, सीएमओ, वोडाफोन आइडिया ने कहा, ''वी में हम उपभोक्ताओं के लिए ऐसे आधुनिक समाधान लेकर आते हैं जो उनकी बदलती ज़रूरतों को पूरा कर सकें। नॉनस्टॉप हीरो के लॉन्च के साथ हम डेटा एक्सेस के नए बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं और हमारे उपभोक्ताओं को बिना किसी रूकावट के डिजिटल अनुभव के साथ सशक्त बना रहे हैं।' मात्र रु 365 की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध नॉनस्टॉप हीरो प्लान वर्तमान में आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उपलब्ध होगा तथा उपभोक्ताओं की विभिन्न ज़रूरतों के अनुसार उन्हें विभिन्न रीचार्ज पैक के फायदे उपलब्ध कराएगा।

# रिलायंस ज्वेल्स ड्रीम डायमंड सेल फिर से लौटी

### रिलायंस ज्वेल्स स्टोर्स पर हीरे के गहनों की विस्तृत रेंज पर 30त तक की छूट पाएं

**मुंबई , एजेंसी।** भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, रिलायंस ज्वेल्स, अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक ड्रीम डायमंड सेल के साथ वापस आ गया है। यह खास ऑफर ग्राहकों को हीरों की कालातीत चमक का जश्न मनाने का



मौका दे रहा है। यह सेल 16 फरवरी 2025 तक चलेगी, जिसमें ग्राहकों को डायमंड वैल्यू और मेकिंग चार्जेस पर 30त तक की छूट मिलेगी। यह अपने ज्वेलरी कलेक्शन में चमचमाते हीरे जोड़ने का एक बेहतरीन अवसर है।

इस साल की ड्रीम डायमंड सेल में हीरे के गहनों की एक विस्तृत रेंज उपलब्ध है, जो हर मौके के लिए उपयुक्त है। चाहे आप अपनी रोजमर्रा की शैली को निखारना चाहते हों या जीवन के अनमोल पलों को यादगार बनाना चाहते हों। स्टेटमेंट ब्राइडल सेट्स, आकर्षक रिंग्स, नाजुक इयररिंग्स, बहुमुखी कंगन और भव्य नेकलेस तक, रिलायंस ज्वेल्स के पास हर शैली और मौके के लिए कुछ खास है।

ड्रीम डायमंड सेल के बारे में बात करते हुए, रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ सुनील नायक ने कहा, रिलायंस ज्वेल्स में, हम हीरों के शाश्वत आकर्षण और उनसे जुड़े भावनात्मक मूल्यों को समझते हैं। ड्रीम डायमंड सेल को इस तरह से तैयार किया गया है कि ये कीमती रत्न अधिक सुलभ बनें, ताकि ग्राहक अपने प्रिय पलों का जश्न मना सकें या रोजमर्रा की शान को स्थायित्व प्रदान कर सकें। हमारे बेजोड़ ऑफर्स और डायमंड्स के विशाल संग्रह के साथ, हम इस सीजन में खुशी और चमक फैलाने को लेकर उत्साहित हैं।

ड्रीम डायमंड सेल कैंपेन महिलाओं और हीरों के बीच गहरे, कालातीत संबंध को मनाता है, इन रत्नों से जुड़े गहरे भावनात्मक पहलुओं पर जोर देता है। हीरे सार्वभौमिक रूप से प्रेम और सराहना का प्रतीक माने जाते हैं।

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने एंट्रैंस टेस्ट: एसईटी 2025 एंड एसआईटीईईई 2025 के माध्यम से अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**मुंबई, एजेंसी।** अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) (एसआईयू) ने सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट (एसईटी) और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम 2025 के माध्यम से अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 तक ऑफिशियल पोर्टल के ज़रिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इस टेस्ट में उम्मीदवारों को दो मौके मिलते हैं, जिसमें उनके सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाता है। प्रवेश परीक्षा 5 मई 2025 और 11 मई 2025 को होगी, परिणामों की घोषणा 22 मई 2025 को की जाएगी। सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम एक घण्टे की कम्प्यूटर-आधारित प्रवेश परीक्षा है जो विभिन्न विषयों में छात्रों के एप्टीट्यूड का मूल्यांकन करती है। हर परीक्षा में उम्मीदवारों को दो अटेम्प्ट मिलते हैं। भारत के 80 शहरों में आयोजित होने वाली यह परीक्षा बड़ी संख्या में छात्रों के लिए सुलभ है। सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट में जनरल इंग्लिश, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, जनरल अवेयरनैस और एनालिटिकल एवं लॉजिकल रीज़निंग का मूल्यांकन किया जाता है।

## एंजेल वन ने निवेशकों को धोखाधड़ी वाले सोशल मीडिया समूहों और अनधिकृत निवेश योजनाओं के बारे में सचेत किया

**मुंबई , एजेंसी।** फिनटेक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एंजल वन लिमिटेड ने निवेशकों को एंजल वन के नाम का दुरुपयोग करने वाले और इसके वरिष्ठ




अधिकारियों का रूप धारण कर धोखाधड़ी करने वाले सोशल मीडिया समूहों के बढ़ते प्रचलन के बारे में चेतावनी दी है। कंपनी ने पाया है कि सोशल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर एंजल वन से जुड़े होने का झूठा दावा करते हुए कई अनधिकृत समूह बनाए जा रहे हैं। एंजल वन ने पाया है कि ये धोखाधड़ी करने वाले समूह अवैध गतिविधियों में शामिल हैं, जिसमें आवश्यक सेबी पंजीकरण/अनुमति के बिना प्रतिभूतियों से संबंधित सलाह या सिफारिशें प्रदान करना, साथ ही सेबी की मंजूरी के बिना प्रतिभूतियों से संबंधित रिटर्न और प्रदर्शन के बारे में अनधिकृत दावे करना शामिल है। व्हाट्सएप और टेलीग्राम समूह एंजल वन लिमिटेड के ब्रांड नाम और लोगो के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों के नाम और छवियों का अवैध और भ्रामक तरीके से दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे आम जनता को यह विश्वास हो रहा है कि वे एंजल वन लिमिटेड से जुड़े हुए हैं। हम इस बात पर ज़ोर देना चाहते हैं कि प्रतिभूति बाज़ार में अनधिकृत निवेश सलाह देना या रिटर्न की गारंटी देना सख्त वर्जित है और निवेशकों से आग्रह करते हैं कि वे उचित परिश्रम करें और हमारे संगठन से होने का दावा करने वाले किसी भी संचार की प्रामाणिकता को सत्यापित करें। वैध निवेश निर्णय हमेशा पूरी तरह से शोध और अधिकृत स्रोतों से जानकारी के आधार पर होने चाहिए।

## स्मृति मंधाना वनडे में सबसे तेज शतक बनाने वाली भारतीय महिला बनी

● हरमनप्रीत का रिकॉर्ड तोड़ा



**राजकोट (एजेंसी)।** कप्तान स्मृति मंधाना बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में केवल 70 गेंद पर शतक पूरा करके खेल के इस प्रारूप में सबसे तेज सैकड़ा जड़ने वाली भारतीय महिला क्रिकेटर बनी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व कर रही इस सलामी बल्लेबाज ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट की गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर कैच थमाने से पहले 80 गेंद पर 135 रन बनाए जिसमें 12 चौके और सात छक्के शामिल हैं। मंधाना ने सबसे तेज शतक लगाने का हरमनप्रीत का पिछला भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा। हरमनप्रीत ने पिछले साल बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंदों में शतक बनाया था।

मंधाना का शतक इस प्रारूप में संयुक्त सातवां सबसे तेज शतक है। उन्होंने इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर चार्लोट एडवर्ड्स की बराबरी की जिन्होंने 2012 में 70 गेंद पर शतक बनाया था। यही नहीं मंधाना का एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह 10वां शतक है और इस तरह से वह महिला वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। इस सूची में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग (15) और न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (13) शीर्ष पर हैं।

## ऋषभ पंत ने दिल्ली के रणजी ट्रॉफी मैच के लिए उपलब्धता की पुष्टि की, सौराष्ट्र के खिलाफ खेलेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सौराष्ट्र के खिलाफ अगले रणजी ट्रॉफी मैच में दिल्ली के लिए खेलने के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। पंत ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी 2017-2018 सीजन के दौरान खेला था। अब वह राजकोट में सीधे टीम से जुड़ सकते हैं, जहां 23 जनवरी से मैच होने वाला है।

डीडीसीए प्रमुख रोहन जेटली ने बताया, ऋषभ पंत ने सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। विकेटकीपर बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन किया था, जहां भारत का एक दशक से चला आ रहा दबदबा खत्म हुआ और 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 22 जनवरी से शुरू होने वाली इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20आई श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। दिल्ली फिलहाल ग्रुप डी में पांच मैचों में 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। दिलचस्प बात यह है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने आखिरी बार 2012 में रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेला था, ने शेष दो रणजी ट्रॉफी खेलों के लिए 38 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है।

# ऑस्ट्रेलिया भाग्यशाली रहा...

## अश्विन ने बीजीटी के दौरान इस खिलाड़ी को खेल बदलने वाला बताया

**चेन्नई (तमिलनाडु) (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड का प्रवेश ऑस्ट्रेलियाई टीम के पक्ष में खेल बदलने वाला साबित हुआ। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम उनके बिना हार जाती, क्योंकि भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ उनकी राउंड-द-विकेट गेंदें 'प्रमुख कारक' साबित हुईं।

बोलैंड पूरी सीरीज में असाधारण रहे। उन्होंने अपनी मुश्किल-से-संभालने वाली, अथक लाइन और लेंथ से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। उनका मुख्य आकर्षण स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का चार बार विकेट लेना था। वे इस सीरीज के दौरान भारतीय टीम की आंखों में सबसे बड़ा कांटा बनकर उभरे। उन्होंने तीन मैचों में 13.19 की औसत से 21 विकेट लिए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/45 रहा।



उन्होंने पांचवें टेस्ट में 10 विकेट लिए। वह सीरीज में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, सभी ने कहा कि पैट कमिंस ने शानदार सीरीज खेली, लेकिन उन्हें बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया भाग्यशाली था कि स्कॉट बोलैंड टीम में आए। अगर बोलैंड नहीं खेलते, तो भारत सीरीज जीत जाता। जोश हेजलवुड को कोई बुरा नहीं मानना ??चाहिए; वह एक शानदार गेंदबाज हैं। लेकिन अगर वे उसी आक्रमण के साथ जारी रहते, तो हम जीत जाते। हमारे बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए बोलैंड की राउंड-द-विकेट डिलीवरी एक प्रमुख कारक थी।

अश्विन ने यह भी कहा कि क्रिकेट के दृष्टिकोण से यह सीरीज क्लास और बेहतरीन थी। अश्विन ने कहा, सिडनी में आखिरी सत्र तक सीरीज दांव पर थी। यह कितनी शानदार सीरीज थी। विशुद्ध क्रिकेट के रूप में, यह एक बेहतरीन सीरीज थी, बेहतरीन। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी दिन तक कड़ी टक्कर के बाद सीरीज जीती। उस्मान ख्वाजा ने सीरीज के बाद कहा, %मुझे बुमराह ने आउट किया (जिन्होंने 32 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने) इससे पता चलता है कि सीरीज कितनी जोरदार थी।

बोलैंड ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की बहुचर्चित तिकड़ी की मौजूदगी के कारण उन्होंने बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं। 13 टेस्ट मैचों में उन्होंने 17.66 की औसत और 6/7 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 56 विकेट लिए हैं। उन्होंने 14 वनडे और तीन टी20 मैच भी खेले हैं, जिसमें उन्होंने इन प्रारूपों में कुल मिलाकर 19 विकेट लिए हैं। बोलैंड ने 2016 में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। बोलैंड का टेस्ट औसत टेस्ट इतिहास में आठवां सर्वश्रेष्ठ है और इस प्रारूप में कम से कम 50 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में पहले विश्व कप (1914-18) के बाद से सर्वश्रेष्ठ है।

## मनु भाकर भी परेशान, ओलंपिक पदकों का रंग उतरा, बदलने की शिकायत करवाई दर्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में जीते दो कांस्य पदकों के स्थान पर नए पदक मिलने की संभावना है क्योंकि वह उन खिलाड़ियों के बड़े समूह में से हैं जिन्होंने शिकायत की है कि उनके पदक खराब हो चुके हैं। दुनिया भर के कई खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में अपने घिसे हुए पदकों की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। यह पता चला है कि भाकर के पदकों का रंग 'उतर' गया है और वे खराब स्थिति में हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि क्षतिग्रस्त पदकों को 'मोनैई डे पेरिस (फ्रांस का राष्ट्रीय टकसाल) द्वारा व्यवस्थित रूप से बदला जाएगा।



खिलाड़ियों को मिलने वाला नया पदक पुराने के समान ही होगा। प्रत्येक ओलंपिक पदक के केंद्र में लगे लोहे के टुकड़ों का वजन 18 ग्राम (लगभग दो-तिहाई औंस) होता है। 'मोनैई डे पेरिस' फ्रांस के लिए सिक्के और अन्य मुद्रा तैयार करती है। पेरिस ओलंपिक की आयोजन समिति सभी क्षतिग्रस्त पदक बदलने के लिए 'मोनैई डे पेरिस' के साथ मिलकर काम कर रही है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक 2024 में दिये गये पदकों में प्रतिष्ठित एफिल टॉवर के टुकड़े शामिल थे। पेरिस 2024 के लिए 5,084 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक महंगे आभूषण और घड़ी बनाने वाली कंपनी चौमेट (एलवीएमएच समूह का हिस्सा) द्वारा डिजाइन किए गए थे और 'मोनाई डे पेरिस' ने इनका निर्माण किया था।

## भारतीय स्टार के भविष्य पर इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड बोले

# विराट कोहली का समय चला गया

**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व इंग्लैंड क्रिकेटर डेविड लॉयड ने स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट भविष्य पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि उनका समय समाप्त हो गया है। कोहली हाल के दिनों में लंबे प्रारूप में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं क्योंकि हाल के टेस्ट सत्र में उनका प्रदर्शन यादगार नहीं रहा। पूर्व भारतीय कप्तान ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाया, लेकिन अपनी फॉर्म को जारी रखने में असफल रहे क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी का फायदा उठाया।

लंबे समय से खराब फॉर्म के बाद भारतीय टेस्ट टीम में कोहली की जगह को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में लॉयड ने कोहली के खराब प्रदर्शन पर अपने विचार साझा किए और कहा कि भारतीय बल्लेबाज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आगे निकल चुका है। उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी पर भी टिप्पणी की और कहा कि एक बार जब वह इंग्लैंड आएंगे, तो उन्हें एक बार फिर उस क्षेत्र में निशाना बनाया जाएगा।

लॉयड ने कहा, विराट कोहली जानते हैं कि वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं और इससे उन्हें दुख होगा। जब भारत इंग्लैंड आएगा, तो आपको पता होगा कि वे कहां होंगे। ऑफ स्टंप के ठीक बाहर, और बिजनेस एरिया स्लिप होगा। 36 साल की उम्र में उन्हें दिमाग में पता है कि उन्हें क्या करना चाहिए। आपकी सजगता धीरे-धीरे काम करती है। पोंटिंग ने कहा कि वे सामान्य से थोड़ा अधिक समय तक खेलते रहे। चयनकर्ताओं को पता होना चाहिए। वे उन महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें हमने देखा है, लेकिन वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं। कोच गौतम गंभीर की भूमिका बहुत बड़ी होगी, क्योंकि वे उस ड्रेसिंग रूम में रहे हैं। उन्होंने समय खो दिया है। उनका समय खत्म हो गया है।



इसके अलावा लॉयड ने कहा कि कोहली के पास समय नहीं है, उन्होंने उनकी कमजोर होती सजगता और प्रतिक्रिया समय का उल्लेख किया। लॉयड ने कहा, जब आप महान क्रिकेटरों के बारे में बात करते हैं, तो एक चीज जो बाकी लोगों के पास नहीं है, वह है समय। उसने समय खो दिया है। यह चला गया है। उसका समय चला गया है। यह उम्र के साथ आता है। हर कोई आपको बताता है कि आपको क्या करना है। गेंद को छोड़ दो जैसी चीजें, इसे अंत तक देखो। लेकिन यह चला गया है। ये महान अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज हैं। अगर यह आउट होने का दोहराव वाला तरीका है - टेस्ट मैच में आपको पता है कि स्लिप का एक बैंक होने वाला है। अगर आप बार-बार आउट होते हैं, तो यह किसी के लिए भी एक संकेत है कि रिफ्लेक्स और प्रतिक्रिया समय खत्म हो गया है।

चैंपियंस ट्रॉफी

# पीसीबी ने भव्य समारोह की योजना बनाई, भारतीय कप्तान जाएंगे पाकिस्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा लेकिन सूत्रों के मुताबिक टीम के कप्तान आठ साल के अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित आयोजन के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए मेजबान देश पाकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी के भव्य उद्घाटन समारोह की योजना बना रहा है, जो संभवतः 16 या 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, बशर्ते अभ्यास मैच का कार्यक्रम तय हो। सभी टीम के कप्तान उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे, जो आईसीसी आयोजनों के लिए एक मानक अभ्यास है।

सूत्रों के मुताबिक, चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए भारतीय टीम के कप्तान पाकिस्तान दौरा करेंगे क्योंकि पीसीबी ने 29 साल के बाद पाकिस्तान में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजन की वापसी के लिए भव्य समारोह की योजना बनाई है। 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025, मेजबान



के रूप में पाकिस्तान का पहला प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंट होगा। इससे पहले पाकिस्तान ने भारत और श्रीलंका के साथ 1996 क्रिकेट विश्व कप की सह-मेजबानी की थी। टूर्नामेंट हाइब्रिड प्रारूप में खेला जाना है, जिसमें पाकिस्तान अधिकांश मैचों की मेजबानी करेगा, लेकिन भारत के सभी ग्रुप मैच और पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो इसे भी दुबई में स्थानांतरित कर दिया जाएगा; अन्यथा, लाहौर चैंपियनशिप मैच की मेजबानी करेगा।

आठ टीमों के इस आयोजन में मेजबान पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल होंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में होने वाले मैच से होगी और बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होने वाला है। तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण भारत और पाकिस्तान केवल विश्व कप और एशिया कप जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में ही प्रतिस्पर्धा करते हैं। दोनों टीमों ने आखिरी बार न्यूयॉर्क में 2024 आईसीसी टी-20 विश्व कप में खेला था।

## भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, आयरलैंड के खिलाफ बनाए रिकार्ड 435 रन

**राजकोट (एजेंसी)।** प्रतिका रावल (154) और कप्तान स्मृति मंधाना (135) की तूफानी शतकीय पारियों की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को जीत के लिए रिकार्ड 436 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और कप्तान स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए रिकाड '233 रनों की साझेदारी की। 27वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने स्मृति मंधाना को आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। मंधाना ने 80 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के लगाते हुए (135)रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने मात्र 70 गेंदों में अपना 10वां एकदिवसीय शतक भी पूरा किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऋचा घोष ने प्रतिका रावल के साथ दूसरे विकेट लिये 104 रनों की साझेदारी की। 39वें ओवर में आर्लीन केली ने ऋचा घोष को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। ऋचा घोष ने 42 गेदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से (59) रन बनाए।

दोहरे शतक की ओर बढ़ रही प्रतिका रावल को 44वें ओवर में फ्रेया सार्जेंट ने डेम्पसी के हाथों कैच आउट कराया। प्रतिका रावल ने 129 गेंदों में 20 चौके और एक छक्का लगाते हुए (154) रन बनाये। रावल तीसरी ऐसी भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने 150 के आंकड़े का पार किया है। तेजल हसबनिस (28), हरलीन देओल (15)रन बनाकर आउट हुई। दीप्ति शर्मा (11) और जेमिमा रॉड्रिग्स (चार) रन बनाकर नाबाद रही।



भारतीय महिला टीम के बल्लेबाजों ने आयरलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर लेते हुए निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 435 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आयरलैंड की ओर से ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने दो विकेट लिए। आर्लीन केली, फ्रेया सार्जेंट और जॉर्जिना डेम्पसी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पहलवान अमन सेहरावत के ओलंपिक पदक का रंग फीका पड़ा, आईओसी से करेंगे शिकायत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 पेरिस ओलंपिक के सभी दोषपूर्ण पदकों को बदलने की खबरों के बीच भारतीय पहलवान अमन सेहरावत के कांस्य पदक का रंग भी फीका पड़ने लगा है, लेकिन पहलवान ने अभी तक इस मामले में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक पदार्पण पर अमन ग्रीष्मकालीन खेलों में सबसे कम उम्र के भारतीय पदक विजेता बने, जब उन्होंने पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता।

रिपोर्टों के अनुसार 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए पदक बनाने वाली कंपनी मोनाई डे पेरिस ने कहा कि वह पदकों के खराब होने की कई शिकायतों के बाद एथलीटों के अनुरोध पर सभी क्षतिग्रस्त पदकों को बदल देगी। हालांकि अमन ने पदक बदलने के लिए आधिकारिक तौर पर अपनी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। भारतीय पहलवान के एक करीबी सूत्र ने बताया, अमन सेहरावत ने पेरिस में जो कांस्य पदक जीता था, वह दोषपूर्ण लगता है। इसका रंग फीका पड़ने लगा है। हमने अभी तक आईओसी के साथ आधिकारिक शिकायत साझा नहीं की है।

## सूर्यकुमार यादव इंग्लैंड सीरीज में बनाएंगे ताबड़तोड़ रिकॉर्ड, बनेंगे पहले खिलाड़ी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है। अब टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में तैयार है। भारत ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। इंग्लैंड जहां अपने बजबॉल श्रेणी के कारण मशहूर है तो वहीं, टीम इंडिया भी स्काईबॉल के जरिए जोरदार टक्कर देना चाहेगी। आगामी सीरीज के दौरान क्रिकेट फैंस कप्तान सूर्यकुमार यादव से काफी उम्मीदें लगाए होंगे। सूर्यकुमार इस सीरीज के दौरान बड़ा रिकॉर्ड बना सकते हैं।



सूर्यकुमार यादव ने अब तक 78 टी20 मैचों में 145 छक्के जड़े हैं। और 5 छक्के लगाकर वह 150 का आंकड़ा हासिल कर लेंगे। अगर इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने यह आंकड़ा हासिल कर लिया तो वह इसे 100 से कम पारियों में हासिल करने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। इससे पहले यूएई के मोहम्मद वसीम ऐसा कर चुके हैं लेकिन सूर्यकुमार आईसीसी के फुल मेम्बर्स की लिस्ट में पहले बल्लेबाज होंगे। टेस्ट प्लेइंग देशों में मार्टिन गप्टिल ने यह आंकड़ा सबसे तेज हासिल किया था। गप्टिल ने 105 मैचों में 150 छक्के जड़े थे। रोहित शर्मा ने 119 मैच खेलकर 150 छक्कों का आंकड़ा हासिल किया था।

## रोहित शर्मा का जानशीन चला पृथ्वी शा की राह, टीम इंडिया में क्या कभी नहीं होगी वापसी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया में बने रहने के लिए शुभमन गिल, रोहित शर्मा, जयसवाल और ऋषभ पंत घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए तैयार है। अगर यह अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आसानी से टीम इंडिया में अपना स्थान पक्का कर लेंगे। लेकिन इनके घरेलू क्रिकेट में लौटने से अन्य क्रिकेटरों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। एक ऐसे ही क्रिकेटर ईशान किशन है। ईशान जो कभी भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के जानशीन माने जाते थे, अब टीम इंडिया में जगह बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। ईशान ने आखिरी बार 2023 नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेला था। उसके बाद कोच, कप्तान और सिलेक्टर की सलाह न मानने पर उन्हें बाहर कर दिया गया। उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से भी हटा दिया गया। उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटाने की वजह घरेलू क्रिकेट नहीं खेलना था। अनुशासन में कोताली के कारण उनकी तुलना पृथ्वी शॉ से की गई जोकि अपनी हरकतों के कारण राज्य की टीम से भी बाहर हो चुके हैं।



**ईशान किशन को अब मौका मिलना हुआ मुश्किल –** ईशान किशन लगातार घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने कुछ आकर्षक पारियां भी खेली हैं लेकिन इसके बावजूद उनकी जल्द वापसी होती नहीं दिख रही है। वह करीब एक साल से टीम इंडिया से बाहर है। उनकी जगह श्रेयस अय्यर की वापसी के चांस बन गए हैं क्योंकि वह लगातार घरेलू क्रिकेट में बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन ईशान वैसा कमाल नहीं कर पाए हैं जैसा उन्हें करना चाहिए था। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में ईशान का चयन नहीं हुआ है। इससे साफ हो गया कि उनकी वापसी काफी मुश्किल होने वाली है।

**अंडर 19 कप्तान नहीं हो रहे सफल –** भारत के लिए अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप में बतौर कप्तान जाते प्लेयर ज्यादा सफल नहीं हो पाते। अगर विराट कोहली को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी क्रिकेटरों का भविष्य इतना उज्जवल नहीं है जितना होना चाहिए था। उन्मुक्त चंद 2012 में भारत के कप्तान थे। वे फिलहाल भारत से रिटायर हो चुके हैं। ईशान किशन 2016 में कप्तान थे। वह टीम इंडिया में जगह नहीं बना पा रहे हैं। पृथ्वी शॉ का भी यही हाल है। यश धूल भी साल 2022 में कप्तानी कर चुके हैं। वह घरेलू क्रिकेट में भी रन नहीं बना पाए हैं।

कहानी

# अपना काम करो और बिन माँगे सलाह मत दो

**किसी गाँव में एक धोबी रहता था। उसने घर की रखवाली के लिए एक कुत्ता और रोज़ के काम के लिए गधा रखा हुआ था। वह गधे की पीठ पर काफी बोझ लादा करता।**

एक रात धोबी घर में चैन की नींद सो रहा था तभी एक चोर आ पहुँचा। धोबी का गधा और कुत्ता आँगन में बंधे थे। उन्होंने चोर को अंदर आते देखाए पर कुत्ते ने मालिक को चौकन्ना नहीं किया। गधे ने उससे कहा- मित्र! यह तुम्हारा फर्ज बनता है कि तुम मालिक को चोर के आने की खबर दो। तुम उसे उठाते क्यों नहीं।

कुत्ते ने चिढ़ कर कहा- तुम परवाह मत करो। पता हैए मैं दिन-रात घर की पहरेदारी करता हूँए पर मालिक के साथ ऐसा ही सलूक करना चाहिए। अच्छा हैए चोरी होने दोए उसे नुकसान होगाए तब मेरी कद्र पता चलेगी।

गधा कुत्ते की बात से सहमत नहीं था। उसने उसे समझाने की कोशिश की- 'सुनो दोस्तए नौकर को इस तरह शर्तें लगा करए अपने काम को अनदेखा नहीं करना चाहिए, मालिक को इस समय तुम्हारी जरूरत है। पर अड़ियल कुत्ते पर कोई असर नहीं हुआ। वह उसकी सलाह को अनसुना कर बोला-ष्तुम कृपया मुझे पाठ मत पढ़ाओ।

तुम्हें नहीं लगता कि मालिक को भी अपने नौकर की देखभाल व कद्र करनी चाहिए।

गधा काफी परेशान था। वह दोबारा कुत्ते से बहस करने नहीं गया। हालांकि उसे लगा कि इस समय उसे मालिक की मदद करनी चाहिए। उसने कुत्ते से कहा-ष्मूर्ख जानवर! अगर तुम मालिक को नहीं उठा रहेए मुझे ही कुछ करना होगा।

गधे ने पूरी तेजी से रेंकना शुरू कर दिया। धोबी गहरी नींद से जाग गया और हाथ में छड़ी लेकर बाहर निकला। जब उसने देखा कि कुत्ता चुपचाप बैठा है और गधा जोर-जोर से रेंक रहा हैए तो उसे लगा कि गधे ने उसकी नींद में खलल डालने के लिए ऐसा किया है। वह अपना आपा खो बैठा और गधे को बड़ी बेरहमी से पीटने लगा।

बेचारे गधे ने वहीं दम तोड़ दिया।

शिक्षा :- अपना काम करो और बिन माँगे सलाह मत दो।



**अगर बचपन में ही पौष्टिक आहार की मदद से बच्चों की हड्डियों को मजबूत कर दिया जाए तो आगे चलकर उन्हें ऑस्टियोपोरोसिस जैसी गंभीर बीमारी का खतरा कम हो जाता है।**



# ये पोषक तत्व बच्चों की हड्डियों को करते हैं मजबूत

वयस्कों और बूढ़ों की तुलना में बच्चों की हड्डियों को मजबूत बनाने पर इतना गौर नहीं किया जाता है क्योंकि हड्डियों को प्रभावित करने वाली बीमारी ऑस्टियोपोरोसिस अधिक उम्र के लोगों में देखी जाती है। हालांकि, आपको बता दें कि लड़कियों की 18 साल और लड़कों की 20 साल की उम्र तक हड्डियों का 90 फीसदी बोन मास (हड्डी का द्रव्यमान) बन जाता है। इस वजह से बच्चों की हड्डियों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

हड्डियों के लिए जरूरी है कैल्शियम

86 फीसदी किशोर लड़कियों को पर्याप्त कैल्शियम नहीं मिल पाता है। चूंकि, 95 फीसदी बोन मास 20 साल की उम्र तक ही बन जाता है इसलिए इस उम्र तक रोज सही मात्रा में कैल्शियम लेना बहुत जरूरी है।

चार से आठ साल के बच्चों को रोजाना 1,000 मिग्रा कैल्शियम और 9 से 18 साल की उम्र के बच्चों को 1,300 मिग्रा कैल्शियम की जरूरत होती है।

दूध और दूध से बने उत्पाद कैल्शियम का भंडार होते हैं। हर उम्र के बच्चे को दिन में कम से कम दो गिलास दूध जरूर पीना चाहिए। डेयरी उत्पादों जैसे कि चीज और योगर्ट भी कैल्शियम की मात्रा को बढ़ाते हैं। हड्डियों को मजबूत करने के लिए अपने बच्चे के आहार में पालक, केल और भिंडी शामिल करें। संतरा भी कैल्शियम से युक्त होता है। आप बच्चे को नाश्ते में संतरे का ताजा जूस दे सकती हैं।

हड्डियों को कमजोर बना रही हैं आपकी ये 7 गलत आदतें

हेल्दी रहने के लिए हड्डियों का मजबूत होना जरूरी है। बढ़ती उम्र में हड्डियों को हेल्दी बनाए रखने के लिए सही डाइट के साथ-साथ लाइफस्टाइल भी हेल्दी होनी चाहिए। कई लोग जाने-अनजाने में खुद ही अपनी हड्डियों को नुकसान पहुंचाते हैं। ज्यादा नमक या सॉल्टी फूड खाने से शरीर से कैल्शियम यूरिन के जरिए बाहर निकल जाता है। इससे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। इसके अलावा भी कई ऐसी चीजें है जिनसे आपको परहेज करना चाहिए।

स्मोकिंग - सिगरेट ज्यादा पीने के कारण हड्डियों के टिश्यूज को नुकसान होता है और नए टिश्यूज जल्दी नहीं बन पाते।

ज्यादा शराब पीना -इससे शरीर में कैल्शियम ग्रहण करने की क्षमता घटती है। हड्डियों से कैल्शियम कम होता है जिससे वे कमजोर हो जाती हैं।

ज्यादा कॉफी पीना - कॉफी में कैफीन होता है, जो हड्डियों में मौजूद कैल्शियम का लेवल घटाता है।

लंबी दूरी की बाइक राइड- इससे बोन डेंसिटी और हड्डियों की वेट बियरिंग कपैसिटी कम हो जाती है। वॉकिंग, रनिंग, टेनिस, डांसिंग, स्विमिंग जैसी चीजें हड्डियों के लिए फायदेमंद हैं।

देर तक बैठे रहना -इससे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, शरीर में वजन उठाने की ताकत भी नहीं रहती। चलने-फिरने और एक्सरसाइज करने से हड्डियों में मजबूती आती है।

ओवर ईटिंग- ज्यादा खाने के कारण वजन बढ़ता है। हड्डियों पर ज्यादा भार पड़ने के कारण वे कमजोर होने लगती हैं। डाइट में हेल्दी फूड शामिल करें और वजन कंट्रोल करें

ज्यादा दवाएं खाना -ऑर्थराइटिस, अस्थमा जैसी बीमारियों की कई दवाएं लंबे समय तक लेते रहने से हड्डियों को नुकसान पहुंचता है। इसलिए जरूरी है कि डॉक्टर से पूछे बगैर दवाएं खाने से बचें।

विटामिन डी- हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए विटामिन डी भी बहुत आवश्यक पोषक तत्व है। विटामिन डी कैल्शियम को अवशोषित करने में शरीर की मदद करता है। बच्चों और किशोरों को दिन में लगभग 600 इंटरनेशनल यूनिट (आईयू) की जरूरत होती है। विटामिन डी की कमी के कारण मांसपेशियों में थकान और कमजोरी महसूस होती है। बच्चों में विटामिन डी की कमी के कारण रिकेटस की बीमारी हो सकती है। इसमें हड्डियां मुलायम होकर मुड़ जाती है।

एक से आठ साल के बच्चे को प्रतिदिन 2,500 से 3,000 आईयू विटामिन डी और 9 साल से अधिक उम्र के बच्चों को 4,000 आईयू विटामिन डी की जरूरत होती है। फिश जैसे कि ट्यूना और अंडे के पीले भाग में विटामिन डी होता है। बच्चों की पसंदीदा चीज में भी विटामिन डी पाया जाता है। विटामिन डी का सबसे बेहतरीन स्रोत धूप होती है। दिनभर में कम से कम 10 मिनट तो धूप लेनी चाहिए।

हड्डियों से लेकर आंखों तक के लिए फायदेमंद है %रसभरी%

रसभरी एक ऐसा फल है जो जंगली घास के बीच अपने आप ही उग जाता है। इसकी खेती करने की जरूरत नहीं पड़ती है। रसभरी औषधीय गुणों से भरपूर है। यह खाने में जितनी स्वादिष्ट होती है उतनी ही सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसके फायदों पर डालें एक नजर-

हड्डियां- अगर आप हड्डियों से जुड़ी समस्या से परेशान हैं तो रसभरी आपकी मदद कर सकती है। इसमें पेक्टिन होता है जो शरीर में कैल्शियम और फॉस्फॉरस की सही मात्रा बनाए रखता है।

लिवर और किडनी -फाइब्रोसिस, ऐसा रोग है जिसमें लिवर व किडनी में रेशे पनप जाते हैं। शोध से साबित हुआ है कि रसभरी का उपयोग न केवल इन रोगों से लड़ता है बल्कि इनसे बचाता भी है।

ऐंटीऑक्सिडेंट - रसभरी का उपयोग लिवर के रोगों में, मलेरिया, अस्थमा, त्वचा रोग में किया जाता है। शोध प्रमाणित करते हैं कि रसभरी में ऐंटीऑक्सिडेंटस होने के कारण ही इन बीमारियों से लड़ने में इसका इस्तेमाल होता है।

आर्थराइटिस- नियासिन या विटमिन ब्3 खून को हर अंग में ले जाने में मदद करता है। जब हर अंग में खून सही तरीके से पहुंचेगा तो आर्थराइटिस जैसा रोग पनपेगा ही नहीं। ऐसे में रसभरी खाने से बॉडी के हर पार्ट में खून पहुंचने में मदद मिलती है।

आंखों के लिए- रसभरी में विटमिन ए अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसे रोजाना खाने में शामिल करने से ये शरीर में 14 प्रतिशत तक विटमिन ए की आपूर्ति कर देता है। इसको खाने से आंखों से जुड़ी बीमारियों से बच सकते हैं।

मैग्नीशियम - यदि बच्चे पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम नहीं लेते हैं तो आगे चलकर उन्हें ऑस्टियोपोरोसिस हो सकता है। पालक और फूलगोभी में मैग्नीशियम पाया जाता है। इसके अलावा बच्चों के शरीर को सोयाबीन से भी भरपूर मैग्नीशियम मिल सकता है। मैग्नीशियम एक खनिज पदार्थ है जो कि बादाम, पालक, काले चने, ओट्स, मूंगफली, मक्खन, एवोकाडो और आलू में पाया जाता है।

विटामिन-के ऐसा माना जाता है कि उच्च मात्रा में विटामिन-के लेने से हड्डियों की मोटाई भी ज्यादा होती है और इनमें रिकेटस एवं ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है।

## क्यों मां को डराता है ठंड का मौसम

छोटे शिशुओं में शीत लहर का बहुत ही बुरा असर होता है। बड़ों के शरीर में मौजूद फैट के कारण बदलते तापमान का उन पर ज्यादा असर नहीं होता है। लेकिन न्यू बॉर्न बेबी के साथ ऐसा नहीं है। उनकी बॉडी में बहुत कम मात्रा में फैट होता है। इस कारण इनके शरीर का तापमान बढ़े हुए तापमान के अनुकूल बदल नहीं पाता है और इनको ठंड लगने की आशंका बढ़ जाती है। ठंड लगने का असर बच्चे के ग्रोथ पर भी पड़ता है। इनका वजन कम रहता है। इतना ही नहीं नवजात शिशु को तेज ठंड लग जाए, तो इनके बॉडी का शूगर लेवल भी कम हो जाता है।

कैसे बचाएं शीत लहर से शिशु को नई दिल्ली स्थित रोजवाक हेल्थकेयर की नियोनेटोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. सुवर्णा के अनुसार, शीत लहर के दिनों में इनको घर से बाहर लेकर नहीं जाए। घर के दरवाजे और खिड़कियों को बंद रखें। नवजात को ठंड से बचाने का सबसे ऊपाय है कि यह मां के शरीर के संपर्क में रहें। इससे बच्चा ठंडा नहीं पड़ता। शरीर गरम रहता है। बेबी के शरीर को गरम रखने में मां के दूध का भी बहुत अहम रोल है। ऊपर का दूध देने से बचना चाहिए। इसके साथ ही बेबी को एक मोटा स्वेटर पहनाने से बेहतर है, इनको दो-तीन नॉर्मल ड्रेस को लेयरिंग में पहनाएं। इस बात का भी ख्याल रखें कि बच्चे को डायरेक्ट वुलन ड्रेस नहीं पहनाएं। सिर पर टोपी, हाथों में मिटन्स और पैरों में मोजे जरूर पहनाएं।



कौन -सा हीटर और एयर प्यूरीफाइअर नवजात शिशु के कमरे में ह्यूमिडीफायर हीटर का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इनके कमरे में ऐसे हीटर को नहीं चलाएं, जो कमरे के ऑक्सीजन लेवल को कम करता है। सबसे बेस्ट है ऑयल फील्ड हीटर। ओजोन जेनरेटर और आयोनाइज्ड हीटर छोटे बच्चों को नुकसान पहुंचाते हैं। यह कमरे की नमी को सोख लेते हैं। साथ ही ऑक्सीजन के स्तर को भी कम करते हैं, जो नुकसानदायक है। इन दिनों के बढ़े हुए पॉल्यूशन से बेबी को बचाने के लिए एयर प्यूरीफाइअर का यूज किया जा सकता है। इस बात का ख्याल रखें कि ट्रो हेप्पा फिल्टर वाला एयर प्यूरीफाइअर सबसे अच्छा माना जाता है। इसके अलावा एक्टिवेटर कार्बन फिल्टर वाले एयर प्यूरीफाइअर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### मां का स्पर्श मिलता रहे

मां के लिए बेहद जरूरी मां को चाहिए कि प्रोटीन से भरपूर खाना लें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। इससे ब्रेस्ट फीड में दिक्कत नहीं आएगी। साथ ही बेबी कभी भूखा नहीं रहेगा। मां को भी अपने शरीर को गर्म रखना चाहिए। गुरूग्राम के क्लाउडनाइन हॉस्पिटल की सीनियर कंसलटेंट डॉ. रितु सेठी के अनुसार, मां को चाहिए कि बेबी के शरीर को हमेशा चेक करती रहें। बेबी का शरीर छूने पर बहुत ठंडा नहीं लगना चाहिए। अगर बच्चा बहुत शांत हो गया है, तो मां को अलर्ट हो जाना चाहिए। यह ठंड लगने के कारण भी हो सकता है। बच्चा अगर दूध पीना कम कर दे, तो भी सचेत हो जाएं। सरदी के दिनों में मां बच्चों को लेट कर फीड कराती है लेकिन यह बच्चे को नुकसान पहुंचा सकता है। कई बार इमरजेंसी में ऐसे केसेज आते हैं, जब लिटा कर दूध पिलाने के कारण मां का दूध फूड पाइप की जगह विंड पाइप में चला जाता है।

### इसका भी रखें ख्याल

ठंड में तेल लगाने से स्किन पर लेयर बन जाता है। इससे शरीर की गरमी बाहर नहीं निकलती। शरीर गरम रहता है। लेकिन नवजात को जोरदार मालिश नहीं करें। कई बार जोरदार मालिश के चक्कर में हड्डियों में चोट लग जाती है। हल्के हाथों से ही तेल लगाएं। हीटर को बच्चे के बेड से दूर ही रखना चाहिए।



# ठंड में बेबी को ढेरों कपड़े पहनाना है गलत

**सर्दी में नन्हे बेबी को गर्म रखना किसी चैलेंज से कम नहीं है। ज्यादा कपड़े पहनाने पर बॉडी ओवरहीट कर सकती है, वहीं कम कपड़े पहनाने पर बच्चे को ठंड लग सकती है।**

सर्दियों का मौसम बड़ा सुहावना लगता है और शायद हर किसी को गर्मी और बरसात से ज्यादा ठंड पसंद होती है। हालांकि, मांओं के लिए ठंड का मौसम कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है जैसे कि इस मौसम में अपने बेबी को गर्म कैसे रखें। दो साल की उम्र तक बेबी वयस्कों की तरह खुद अपने बॉडी टेंपरेचर को रेगुलेट नहीं कर पाते हैं। इसलिए आपको ही उसे सर्द मौसम में गर्म रखने की तैयारी करनी होगी। जब शरीर को ठंड से बचाने और गर्म रखने की बात आती है, तो सबसे पहले यही ख्याल आता है कि बेबी को कई लेयर्स में कपड़े पहना दिए जाएं लेकिन यह सही नहीं होता है। इससे बच्चे में सडन इंफेंट डेथ सिंड्रोम का खतरा बढ़ जाता है।

बेबी को ओवरहीट और गर्म रखने के बीच संतुलन बनाकर चलना काफी मुश्किल काम हो सकता है। यहां हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं जिनकी मदद से आप सर्दियों के मौसम में अपने बच्चे को गर्म रख सकते हैं।

### बेड पर क्या पहनाकर सुलाना है

सर्दी में बच्चे के हाथ और पैर आसानी से ठंडे हो जाते हैं इसलिए आप इन्हें गर्म रखने की तैयारी करें। बेबी को ऊनी और हल्के फ्लीस गारमेंट पहनाएं। हाथ पर दस्ताने और पैरों में जुराब पहनाकर रखें। बहुत ज्यादा कपड़े पहनाकर रखने से बेबी को खुजली हो सकती है इसलिए ऐसा करने से बचें।

### बेबी के लिए कब है ज्यादा ठंड

आपको यह जानने में दिक्कत हो सकती है कि बेबी के सोने के लिए कब ज्यादा ठंड है और कब कम सर्दी है। नोएडा के अर्ली इंटरवेंशन सेंटर की पीडियाट्रिशियन डॉक्टर स्वाति सेठ कहती हैं कि बेबी के कमरे का सामान्य तापमान 20 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच होना चाहिए। इससे नीचे टेंपरेचर होने का मतलब है कि बेबी के सोने के लिए ठंड ज्यादा है। ठंड की वजह से सोते हुए ही बच्चे को जुकाम हो सकता है। खिड़कियां बंद रखें और कमरे में रूम हीटर का इस्तेमाल करें।



### कैसे जानें बेबी को ठंड लग रही है

सर्दी में बेबी की बॉडी का टेंपरेचर चेक करने के लिए आप उसके पेट और गर्दन के पीछे हाथ लगाएं। अगर ये हिस्से ठंडे पड़े हैं तो बच्चे को कुछ और कपड़े पहनाएं। आप बेबी के हाथ-पैर भी देख सकती हैं कि वो ठंडे हैं या नहीं।

### कैसी ब्लैंकेट चुनें

आप बेबी के लिए हल्की ब्लैंकेट ही चुनें। भारी कंबल आदि से बच्चे को घुटन हो सकती है। आप बेबी के ऊपर हल्की-हल्की कई चादरें डाल सकती हैं। आप स्लीप सैक्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ये पहनने वाली ब्लैंकेट होती हैं और इनके बाद कंबल या रजाई ओढ़ने



# कुशल टंडन संग पार्टी करती दिखीं शिवांगी जोशी

शिवांगी जोशी और कुशल टंडन, टीवी के जाने-माने एक्टर्स हैं। दोनों के पिछले साल से रिलेशनशिप में होने की बात सामने आ रही है। लेकिन अभी तक इन्हें साथ में फैंस ने कपल के तौर पर नहीं देखा, ना ही दोनों एक्टर्स ने इस बात की पुष्टि भी की। ऐसे में जब शिवांगी और कुशल को साथ में पार्टी करते देखा गया और शिवांगी ने ये वीडियो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया।

शिवांगी और कुशल की जोड़ी को पसंद करने वाले फैंस ने जब दोनों का साथ में पार्टी वाला वीडियो देखा तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एक फैन ने सोशल मीडिया पर लिखा- 'कुशल और शिवांगी अपने प्राइवेसी जोन से बाहर आने में आपको एक साल का समय लगा है। लेकिन मैं दोनों को साथ में देखकर खुश हूं।' एक और फैन लिखती है- 'ये दोनों साथ में बहुत प्यारे लगते हैं।' फैन ने कुशल और शिवांगी की जोड़ी को एक नाम भी दिया- 'कुशिव'। दोनों एक्टर्स के नाम को मिलाकर यह नया नाम बना है। कई फैंस अपनी पसंदीदा जोड़ी को ऐसी अलग तरह का नाम देते हैं।

### कुशल ने शादी करने की बात की

साल 2024 में कुशल टंडन ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह प्यार में हैं और उनके माता-पिता चाहते हैं कि वह जल्द शादी कर लें। लेकिन वह अपने रिश्ते को धीरे-धीरे आगे लेकर जाना चाहते हैं।

### सीरियल के सेट पर प्यार की शुरुआत



शिवांगी जोशी और कुशल टंडन टीवी सीरियल बरसातें- मौसम प्यार का में साथ नजर आए थे। ऐसा माना जाता है कि इसी सीरियल के सेट पर दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी थी। इससे पहले शिवांगी ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल से पॉपुलर हुईं। वहीं कुशल टंडन सीरियल एक हजारों में मेरी बहना है से लाइमलाइट में आए।



# अभी एक्टिंग में नए मुकाम की तलाश में हैं श्रेया चौधरी

बंदिश बैंडिट्स के सीजन 2 से चर्चा में आई एक्ट्रेस श्रेया चौधरी ने इससे पहले भी कई शोज और वेब सीरीज में काम किया है। उनके रोल्स काफी दमदार रहे हैं और वो अभी एक्टिंग में नए मुकाम की तलाश में हैं।

ओटीटी ने कई नए कलाकारों को न केवल अभिनय की जमीन दी, मगर साथ ही नई-नई भूमिकाओं में एक्सपेरिमेंट करने का हौसला भी। ऐसे ही कलाकारों में एक अभिनेत्री हैं श्रेया चौधरी, जो इन दिनों वेब सीरीज बंदिश बैंडिट्स के सीजन 2 से चर्चा में हैं। अपनी इस सीरीज में उन्हें नसीरुद्दीन शाह और दिव्या दत्ता जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला है, मगर वे इससे पहले मनीषा कोइराला के साथ डियर माया में काम कर चुकी हैं।


उनका कहना है कि मनीषा कोइराला से उन्होंने बहुत कुछ सीखा। वे कहती हैं, मैं उस वक्त काफी नई थी। 2017 की बात है। मैं जब पहले दिन सेट पर पहुंची, तो बहुत नर्वस थी। मैंने देख कि मेरे सामने एक ऐसी अभिनेत्री खड़ी हैं, जिन्होंने अपने जीवन में सब कुछ अचीव कर लिया है। कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, मगर सेट पर उनकी विनम्रता देखते बनती थी। वे मुझसे इतने प्यार से मिलीं कि मैं तो एकदम अभिभूत हो गई। वे रोजाना सेट पर अपनी पूरी रिहर्सल करतीं। उन्होंने कभी ये नहीं जताया कि वे बड़ी अभिनेत्री हैं। अपनी इस सीरीज में मैं नसीर सर, दिव्या और शीबा मैम (दिव्या दत्ता और शीबा) के साथ काम कर चुकी हूं। जितने भी बड़े आर्टिस्ट हैं, उनमें एक बात मैंने जरूर देखी है कि वे सेट पर ऐसे आते हैं, जैसे पहली बार अभिनय करने आए हों। इन सभी कलाकारों में मैंने बच्चों-सी उत्सुकता देखी। वही जिज्ञासा, जो पहली बार होती है। मुझे लगता है कि यही बातें इन्हें बड़ा कलाकार बनाती हैं।

### मेरी मां ने दिए प्यार को लेकर टिप्स

ब्यूटी पेजेंट्स में कई टाइटल जीत चुकी श्रेया अपनी हालिया सीरीज बंदिश बैंडिट्स में सिंगर तमन्ना का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी संगीत की विरासत के बावजूद एक जुनूनी प्यार में पड़ जाती हैं। उनसे जब पूछा जाता है कि वे किस तरह के प्यार में यकीन करती हैं? क्योंकि आज प्यार ने बहुत मॉडर्न रूप ले लिया है, तो वे कहती हैं, मेरे सामने प्यार का सबसे खूबसूरत रूप मेरे माता-पिता हैं, जो अलग कास्ट से आते हैं। जब उन्होंने प्यार किया, तो उनकी शादी के लिए उनके परिवार कत्तई राजी नहीं थे, मगर वे अपने प्यार पर अडिग रहे और वे आज भी साथ हैं। मेरी मां ने मुझे और मेरे भाई को प्यार को लेकर एक सलाह दी कि कभी भी किसी से प्यार करना, तो इतना करना कि उसके लिए पूरी दुनिया से लड़ सको। मेरे पैरेंट्स के कारण प्यार को लेकर मेरी सोच जुनूनी और ओल्ड स्कूल है। मैं उसी तरह का प्यार करती हूं, मगर हां, आज की तारीख में मैं प्यार के बजाय अपने करियर पर ध्यान देना चाहती हूं। मैं एक ओल्ड स्कूल लवर हूं।

### इम्तियाज अली सर की हीरोइन बनना चाहती हूं

बहुत कम लोग जानते हैं कि श्रेया इम्तियाज अली निर्देशित शॉर्ट फिल्म,द अदर वे में काम कर चुकी हैं। वे कहती हैं, इम्तियाज अली सर ही थे, जिन्होंने मुझे यकीन दिलाया कि मैं अभिनेत्री बन सकती हूं और सही राह पर हूं। मैंने उनसे अभिनय की बारीकियां सीखी और मेरी दिली इच्छा है कि इम्तियाज सर की फिल्मों की हीरोइन बनूं। मैं कोलकाता से हूं और हमेशा से अभिनेत्री बनना चाहती थी, मगर मेरा यकीन पुख्ता करने में इम्तियाज सर का बहुत बड़ा हाथ रहा। जल्द ही मैं बोमन इरानी निर्देशित मेहता बॉयज में नजर आऊंगी। मेरा रोल काफी दिलचस्प है। मैं फिल्म को लेकर काफी उत्सुक हूं।




# आश्रम 4 में होंगे 5 एपिसोड, नए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी सीरीज

एनिमल की अपार सफलता के चलते बॉबी देओल पर इंडस्ट्री बड़े दांव लगा रही है। यहां तक कि रिलीज होने से पेंडिंग चल रहे प्रोजेक्ट्स को भी रीवाइव किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर आश्रम 4। इसमें वे नेगेटिव रोल में रहे हैं। तीसरा सीजन दो साल पहले एमएक्स प्लेयर प्लेटफॉर्म पर आया था। ऐसे में अब नए साल में आश्रम 4 को रिलीज करने की तैयारियां जारी हैं। इस सीरीज को प्रकाश झा डायरेक्ट करते रहे हैं। हालांकि आगे के सीजन्स को वह सिर्फ सुपरवाइज करेंगे। डायरेक्शन की कमान किसी और के हाथ होगी। इसकी अनाउंसमेंट जल्द होगी।

### इस बार सीरीज की कहानी किरदार पम्मी पर ही फोकस होगी

वेब सीरीज आश्रम 4 प्राइम वीडियो पर ही आएगा। सीजन 5 की भी चर्चा है। लेकिन वे एडवांस स्टेज पर है। यह पहले सीजन 4 आ जाए, तो उसके बाद देखेंगे क्या करना है। मेकर्स को ओटीटी वालों ने कहा है कि इस पर काम करना है। इसके अलावा सीजन 5 की भी स्टोरी लाइन तैयारी में है। सीजन 4 की कहानी मूल पम्मी के किरदार पर है। इस बार के सीजन के कुल 5 एपिसोड हैं।

### जयपुर और भोपाल में हुई शूटिंग

इसकी शूटिंग जयपुर और भोपाल में हुई है। जबकि प्रकाश झा के बैनर से एक और प्रोजेक्ट जिसका पहले नाम लाल बत्ती था, उसकी शूटिंग यूपी में प्रयागराज और लखनऊ में की गई है। आश्रम 4 के चार-पांच एपिसोड पहले ही शूट कर लिए गए थे।

# जयदीप अहलावत ने पाताल लोक 2 के कई रहस्य से उठाया पर्दा



पाताल लोक अमेजन प्राइम वीडियो पर सबसे पसंदीदा क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में से एक है। इस सीरीज का दूसरा भाग पाताल लोक 2 बस कुछ ही दिनों में वापसी कर रहा है। निर्माताओं ने वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर प्रशंसकों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। इसी बीच सीरीज में हाथीराम चौधरी की भूमिका से वापसी कर रहे जयदीप अहलावत ने सीरीज के कई रहस्यों से पर्दा उठाया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान जयदीप अहलावत ने कहा कि चार साल के ब्रेक के बाद हाथीराम चौधरी की भूमिका में वापसी करने में उन्हें कोई खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी। जयदीप अहलावत ने आगे कहा, सीजन 1 के आखिर तक हाथीराम ने खुद को आजाद महसूस कराया, उसे अपनी पत्नी, बेटे या सहकर्मियों के सामने खुद को साबित करने की जरूरत नहीं थी। वह अब पहले से ज्यादा शांत है और उसने अपनी परिस्थितियों को स्वीकार कर लिया है। आगे जयदीप अहलावत ने कहा, यह एक ऐसी भूमिका है जो मेरे बहुत करीब है और मैंने इसके साथ बहुत सारे यादगार पल बिताए और इसे फिर से निभाना घर वापस जाने जैसा था। सुदीप शर्मा द्वारा निर्मित, पाताल लोक 2, 17 जनवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

# धूम 4 में रणबीर कपूर का होगा नया लुक, अगले साल अप्रैल में शुरू होगी शूटिंग!

बड़े पर्दे पर एक बार फिर से धूम मचाने की तैयारी शुरू हो गई है। पहले ही यह खबर आई थी कि रणबीर कपूर बॉलीवुड की इस ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइज की अगली किस्त का हिस्सा होंगे। अब नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले साल अप्रैल 2026 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। रणबीर इन दिनों मुंबई में संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर की शूटिंग कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, धूम 4 के लिए रणबीर कपूर एक नया लुक भी अपनाएंगे। अभी वह लव एंड वॉर के लिए आलिया भट्ट और विक्की कौशल के साथ शूटिंग कर रहे हैं। जबकि आगे वह नितेश तिवारी की रामायण में भी भगवान राम के रोल में नजर आने वाले हैं।

### धूम 4 में एकदम नए लुक में नजर आएंगे रणबीर कपूर

रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है, रणबीर कपूर को धूम 4 के लिए एक अलग दिया जाएगा। लिहाजा, इसकी शूटिंग शुरू करने से पहले, वह अपने दो मौजूदा प्रोजेक्ट्स को पूरा करेंगे। धूम 4 अगले साल अप्रैल में फ्लोर पर आ जाएगी। प्रोडक्शन टीम फिलहाल फिल्म के लिए दो लीड एक्ट्रेस और एक विलेन की कास्टिंग में जुटी हुई है।

### साउथ सिनेमा से होगा फिल्म का विलेन

बताया जाता है कि फिल्म में विलेन के रोल के लिए किसी साउथ इंडियन सुपरस्टार को कास्ट करने की तैयारी है। बताया जाता है कि सूर्या को इसके लिए अप्रोच किया गया है। यशराज फिल्मस की सुपरहिट धूम फ्रेंचाइज की पहली फिल्म 2004 में रिलीज हुई थी। उसमें जॉन अब्राहम के साथ अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा थे। इसके बाद धूम 2 आई, जिसमें ऋतिक रोशन के साथ अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा थे। जबकि धूम 3 में अभिषेक और उदय के साथ आमिर खान डबल रोल में थे।

### अभिषेक और उदय की जगह दो यंग स्टार्स!

बीते साल सितंबर में यह खबर आई थी कि धूम 4 पर आदित्य चोपड़ा की देखरेख में काम शुरू हो चुका है। फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज में है और पिछली तीन फिल्मों की तरह ही धूम 4 की स्क्रिप्ट आदित्य चोपड़ा ने विजय कृष्ण आचार्य के साथ मिलकर तैयार की है। धूम 4 में रणबीर कपूर ग्रे शेड में नजर आएंगे, जो एक रीबूट फिल्म होगी। इस बार फिल्म में अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा की जगह पुलिस वाले दो दोस्तों की जोड़ी नजर आएगी, जिसके लिए यंग जेनरेशन के दो एक्टर्स को कास्ट किया जाएगा।





# तृप्ति के फिल्म से बाहर होने को अनुराग बसु ने बताया गलत

फिल्म आशिकी 3 की मेकिंग और रिलीज को लेकर सिनेमा प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले खबरें आई कि अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस फिल्म में नजर आने वाली हैं, फिर उनके नाम को फिल्म से बाहर किए जाने की भी अपडेट सामने आई। आशिकी 3 से तृप्ति के बाहर होने को लेकर अब अनुराग बसु ने अपनी चुप्पी तोड़ी है।

### अनुराग बसु ने तृप्ति को लेकर कही ये बात

उन्होंने कहा कि मेकर्स ने फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ किसी अन्य अभिनेत्री को कास्ट करने का सोचा है। उन्हें अभिनेत्री में मासूमियत चाहिए, ऐसे में मेकर्स के हिसाब से तृप्ति इन मानदंडों पर खरी उतरती हैं। आशिकी 3 के निर्देशक अनुराग बसु ने चल रही अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है और मिड-डे से कहा है, यह सच नहीं है। तृप्ति भी यह जानती है।

### बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली फिल्में

ऐसे में दो तरह की खबरें चर्चा में हैं। तृप्ति फिल्म का हिस्सा हैं ऐसा अनुराग बसु का कहना है। वहीं, जूम की एक रिपोर्ट की मानें तो आशिकी 3 में तृप्ति को कास्ट किया जाना था। हालांकि, मेकर्स का मानना है कि इस फिल्म में वो सेट नहीं हुई, इसके कारण फिल्म से उनका नाम बाहर कर दिया गया है। फिल्म एनिमल के बाद तृप्ति लगातार अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। टी सीरीज की ओर से बयान जारी किया गया। इसमें कहा गया कि हम आशिकी के किसी सीक्वल हिस्से पर काम नहीं कर रहे हैं। हम किसी भी चल रही अफवाहों का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं जो यह सुझाव देती हैं कि आशिकी 3 को टी-सीरीज द्वारा किसी अलग शीर्षक के तहत बनाया जा रहा है। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित हमारी प्रस्तावित फिल्म न तो आशिकी 3 है और न ही आशिकी फेंचाइजी का हिस्सा है।

### इन फिल्मों में नजर आने वाली हैं अभिनेत्री

तृप्ति डिमरी अपनी आगामी फिल्म धड़क 2 को लेकर भी चर्चा में हैं। वहीं, खबरों की मानें तो वे शाहिद कपूर के साथ भी एक फिल्म में नजर आ सकती हैं।



# बिग बॉस में पहले से ही तय होते हैं विनर्स!

टीवी का कॉन्ट्रोवर्शियल शो बिग बॉस-18 लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। अब शो धीरे-धीरे अपने फिनाले की ओर बढ़ रहा है। इसी बीच अब टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस सीजन 11 की विनर रह चुकीं शिल्पा शिंदे का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने शो के मेकर्स पर दर्शकों को उल्लू बनाने का आरोप लगाया है। इस वायरल वीडियो में शिल्पा शिंदे कहती हुई नजर आ रही हैं, मुझे नहीं पता, लेकिन कुछ लोगों को यह पता चल गया है कि मेकर्स ही विनर्स तय करते हैं। वे खुद ही चुनते हैं, अपने घर से उठाकर लाते हैं और दिखाते हैं। अब चैनल की जो भी स्ट्रैटजी हो, वह लोगों को भी पता चल गई है, इसलिए लोग अब शो ज्यादा नहीं देख रहे हैं, क्योंकि आप एक हद तक किसी को उल्लू बना सकते हैं।

### बिग बॉस 11 जीत चुकी हैं शिल्पा शिंदे

बिग बॉस सीजन 11 में शिल्पा शिंदे और हिना खान के बीच कड़ा मुकाबला था, लेकिन ट्रॉफी शिल्पा शिंदे ने जीती थी। हालांकि उस समय सोशल मीडिया पर कई लोगों का मानना था कि हिना खान ट्रॉफी जीतने की हकदार थीं। बता दें कि बिग बॉस सीजन 18 का ग्रैंड फिनाले 19 जनवरी को होगा।



# जनपद को मिली स्वास्थ्य सेवाओं की तीन सौगातें








## बोन मैरो प्रत्यारोपण, स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट व एकेडमिक जोन का शुभारंभ

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा बृजेश पाठक ने अपने जनपद गौतम बुद्ध नगर भ्रमण के दौरान नोएडा में पहुंचकर पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ में बाल चिकित्सा हेमटोलॉजी ऑन्कोलॉजी विभाग और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के अत्याधुनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) यूनिट का उद्घाटन किया।

समारोह में सांसद डॉ. महेश शर्मा और, निदेशक पीजीआईसीएच अरुण कुमार सिंह, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के साथ-साथ प्रतिष्ठित चिकित्सा पेशेवर, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और समुदाय के सदस्य उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पीजीआईसीएच नोएडा में अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण का उद्घाटन और एक उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मनाना एवं 50 बाल चिकित्सा अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण का सफल समापन था। अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण कई रक्त विकारों और कैंसर के लिए एक उपचारात्मक उपचार विकल्प है जहां अस्थि मज्जा उचित रूप से काम नहीं कर रहा है। नवनिर्मित 8 बिस्तरों वाली बीएमटी इकाई ल्यूकेनिया, लिम्फोमा, थैलेसीमिया, अप्लास्टिक एनीमिया और अन्य हेमटोलॉजिकल और इम्यूनोलॉजिकल विकारों से पीड़ित बच्चों के लिए जीवन रक्षक उपचार प्रदान करने में एक बड़ी प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है। यह इकाई अत्याधुनिक तकनीक, हेपा-फिल्टर किए गए कमरों और विश्व स्तरीय देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध विशेषओं की एक अत्यधिक विशिष्ट टीम से सुसज्जित है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में आने वाले किसी भी मरीज को बाहर से दवा खरीदनी पड़े। हर स्तर पर हमें अस्पताल को बेहतर से बेहतर बनाना है। उन्होंनें अस्पताल और उसकी चिकित्सा टीम के प्रयासों की गहरी सराहना की।

इस अवसर पर 2 पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। लिविंग एंड विनिंग नामक एक पुस्तिका परिवारों द्वारा अक्सर पूछे जाने वाले 100 प्रश्नों पर एक रोगी जागरुकता पुस्तक है। दूसरी पुस्तिका पीजीआईसीएच में बीएमटी की यात्रा या एक स्मारिका थी।

चाइल्ड पीजीआई अस्पताल सेक्टर-30 नोएडा के कार्यक्रम के उपरांत उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक ने जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर 39 नोएडा में पहुंचकर डीएनबी कार्यक्रम एवं एसएनसीयू वार्ड का दीप प्रज्वलित एवं रिबन काटकर उद्घाटन किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रेनू अग्रवाल ने माननीय उपमुख्यमंत्री को चिकित्सालय की उपलब्धियां से अवगत कराया, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और भविष्य में इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री के साथ सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, ठा. एनपी सिंह, महेश अवाना, मनीष मिश्रा तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा जिला अस्पताल एवं चाइल्ड पीजीआई के अधिकारी एवं चिकित्सागण उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने बार एसोसिएशन की नई टीम को दिलाई शपथ

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर की 2024-25 की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुद्धवार को जिला न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शिरकत की। उन्होंने अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी, सचिव अजीत नागर और अन्य पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवनीश सक्सेना ने की। इस दौरान अधिवक्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र सिंह भाटी ने उप मुख्यमंत्री को अधिवक्ताओं की मांगों का ज्ञापन सौंपा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आश्वासन दिया कि इन मांगों को मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और इनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं के योगदान को सराहते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और अधिवक्ताओं की मांगों को पूरा करने में सहयोग का भरोसा दिलाया।

पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी ने महिलाओं के लिए क्रेच और बार रूम निर्माण की घोषणा की।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया, दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, एमएलसी श्रीचंद शर्मा पूर्व विधायक जोगिंद्र अवाना, दादरी नगर पालिका चेयरमैन गीता पंडित, भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता और गणमान्य लोग मौजूद थे, जिनमें वैभव मित्तल एडवोकेट, कालूराम चैधरी एडवोकेट, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, योगेंद्र भाटी एडवोकेट, राजकुमार नागर एडवोकेट, राजेंद्र नागर एडवोकेट, ब्रहम सिंह नागर एडवाकेट, रेशराम चैधरी एडवोकेट, श्याम सिंह भाटी एडवोकेट, विशाल नागर एडवोकेट, सीमा भाटी एडवोकेट, एडवोकेट राजीव भाटी, सचिन शर्मा एडवोकेट, प्रेम राज पथिक, के के भाटी एडवोकेट, पंकज मावी एडवोकेट आदि प्रमुख नाम शामिल थे।

# यीडा के सीईओ डॉ. अरूणवीर सिंह को मिला 7वां सेवा विस्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में सीईओ की जिम्मेदारी निभा रहे डा. अरूणवीर सिंह कसे 7वीं बार सेवा विस्तार मिला।



डॉ. अरुणवीर सिंह 31 जून 2025 तक यमुना औद्योगिक विकास प्रधिकरण (यीडा) में सीईओ के पद पर कार्यरत रहेंगे। डॉ. अरुणवीर सिंह उत्तर प्रदेश लोक सेवा (पीसीएस) के प्रशासनिक अधिकारी थे। वर्ष-2006 में प्रोन्नत होकर IAS अधिकारी बने थे। वर्ष 1959 में बस्ती (सिद्धार्थनगर) में जन्में डॉ.अरुणवीर सिंह 30 जून 2019 को यमुना विकास प्राधिकरण और नियाल के सीईओ रहते हुए सेवानिृत्त हो गए थे। उस दौरान नोएडा एयरपोर्ट को लेकर जमीन अधिग्रहण का कार्य चल रहा था। ऐसे में प्रदेश सरकार ने डॉ.अरुणवीर सिंह के सेवानिृत्त होने के बाद 13 जून 2019 को यमुना प्राधिकरण और नियाल के सीईओ के तौर पर एक साल तक सेवा विस्तार बढ़ा दिया था। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और यमुना प्राधिकरण के विकास कार्यों को देखते हुए एक बार फिर योगी सरकार ने डॉ. अरुणवीर सिंह पर विश्वास जताया है। अब उनको 7वीं बार सेवा विस्तार मिला है। डॉ.अरुणवीर सिंह 30 जून 2019 से लेकर 30 जून 2025 तक सेवा विस्तार पर रहने वाले हैं।

# सेक्टर-34 के चुनाव में के.के. जैन पैनल ने किया नामांकन

**नोएडा (चेतना मंच)।** फेडरेशन ऑफ़ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 चुनाव 2025 के चुनावों का



बिगुल बज चुका है। बुधवार को नामांकन के दिन सेक्टर-34 स्थित आरडब्लूए कार्यालय सामुदायिक केंद्र में के के जैन और धर्मेन्द्र शर्मा पैनल के सभी प्रत्याशियों ने पर्चे भर दिए। फेडरेशन ऑफ़ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 में कुल 14 आरडब्ल्यूए फेडरेशन की सदस्य है

केके जैन और धर्मेन्द्र शर्मा ने चौथी बार फेडरेशन ऑफ़ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 अध्यक्ष और महासचिव पद के लिए अपना नामांकन भर चुके हैं। इनके साथ अन्य पदाधिकारियों ने भी अपना नामांकन भर दिया है। चुनाव में जीत को लेकर पूरा पैनल पूरी तरह से आश्वस्त दिखाई दे रहे हैं। केके जैन और धर्मेंद्र शर्मा का कहना है कि हमारा पूरा पैनल एकतरफा जीत दर्ज करेगा। पूर्व के कार्यकाल में किए गए सेक्टर के विकास के कार्य ही हमारी जीत का रास्ता खोलेंगे।

पैनल में अध्यक्ष के के जैन, महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार राय, उपाध्यक्ष कुलदीप मुंशी, कोषाध्यक्ष एमसी भारद्वाज शामिल हैं।

## जब बिना बुलाये मंच पर बैठ गए भाजपा के एक नेता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के एक जिला उपाध्यक्ष का बिना बुलाये पहुंचना तथा मंच पर स्वयंभू होकर बैठ जाना चर्चा का विषय बना हुआ है।

आयोजकों का कहना है कि उक्त भाजपा नेता को कार्यक्रम के लिए कोई निमंत्रण भी नहीं भेजा गया और न ही अतिथियों की सूची में उनका नाम था। फिर भी वे पहुंचकर मंच पर बैठ गए। इसको लेकर वकीलों तथा भाजपा नेताओं में चर्चा रही कि बिना बुलाए ये नेता किस अधिकार से मंच पर बैठ गए। इसको लेकर भाजपा नेता व अधिवक्ता चुटकी ले रहे हैं। बताया जाता है कि उक्त नेता अध्यक्ष बनने के दावेदारों में भी शामिल हैं।

## 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर तैयारियां

# बुजुर्गों, दिव्यांगजन व ट्रांसजेंडर होंगे सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारत निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप विगत वर्षों के




भांति इस वर्ष भी 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस को भव्यता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर बैठक हुई।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बैठक में उपस्थित स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थाओं के पदाधिकारियों से कहा की 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर तथा अन्य वर्गों के मतदाताओं को सम्मानित किया जाए। जनपद के कॉलेजों व महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाना है, इसके लिए सभी अपनी-अपनी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन में छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ स्कूल कॉलेजों में प्रभातफेरी, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, स्किट्स प्रतियोगिता, ऑनलाइन प्रतियोगिता तथा अन्य गतिविधियों का आयोजन कराया जाए एवं प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कार किया जाए।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में नई मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का समाचार पत्रों, रेडियो, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जनपद में व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक लोगों को वोट के प्रति जागरूक करें।

बैठक में उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, संबंधित अधिकारी एवं स्कूल/कॉलेजों से प्रधानाचार्य/डायरेक्टर उपस्थित रहे।